दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 299/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 21 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in





# योग आज वैश्विक पर्व बन गया है: धनखड़

## उपराष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए, हजारों लोगों के साथ किया योगाभ्यास

### प्रधानमंत्री मोदी वीडियो संदेश, जो पूरे विश्व को एक साथ जोड़े वह योग है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि योग आज वैश्विक आंदोलन, ग्लोबल स्पिरिट बन गया है. उन्होंने कहा कि आज ऐतिहासिक और अभूतपूर्व अवसर है, जब भारत के आह्वान पर विश्व के 180 से अधिक देश संयुक्त राष्ट्र संघ के योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. आज समूचे विश्व में योग का कार्यक्रम ओशन रिंग ऑफ योगा आयोजित किया जा रहा है, इसमें करोड़ों लोग शामिल हो रहे हैं, पृथ्वी के दो ध्रुव जुड़ रहे हैं. जो पूरे विश्व को एक साथ जोड़े वह योग है. यह हमारी वसुधैव कुटुंबकम अर्थात सारा विश्व एक परिवार की संस्कृति है. योग से स्वास्थ्य, दीर्घायु, बल और सुख की प्राप्ति होती है. योग की उर्जा से चारों तरफ कल्याण होता है. योग हमें जीव मात्र की एकता का एहसास कराता है. यह प्राणी मात्र के प्रेम का आधार है. योग के जरिए हम अंतर्विरोधों, गतिरोध और प्रतिरोधों को खत्म कर सकते हैं. कर्मों में कुशलता ही योग है. अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण से योगसिद्धि मिलती है, योग के जरिए निष्काम कर्म होते हैं. उन्होंने पूरी दुनिया को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**थभोपाल/ नई दिल्ली।** पूरे विश्व में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका में, जबकि राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में योग किया। उपराष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश के प्रमुख योग समारोह में हिस्सा लिया। सूरत में एक लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। जबकि नेवी ने दस देशों में योगा रिंग बनाई।

जबलपुर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारा योग आज वैश्विक पर्व बन गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज विश्व के हर कोने में यह जीवंत हो रहा है। यह हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखा। विश्व के 193 देशों ने इसका समर्थन किया. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 11 दिसंबर 2014 को यह घोषणा की गई कि हर वर्ष 21जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा और इसी के साथ योग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भागीरथी प्रयास सफल हुआ। 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज देश का मुख्य कार्यक्रम जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित किया गया । यहाँ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की गरिमामय उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहितकरीब 15 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि योग स्वस्थ्य जीवन की पूंजी है और स्वास्थ हमारी पूंजी। योग जीरो प्रीमियम पर फुल हेल्थ इंश्योरेंस है। हमें अपनी क्षमता को पूर्ण रूप से मानवता की सेवा के लिए लगाने के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है और स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। पहला सुख निरोगी काया है. योग शरीर मन और आत्मा की एकता का प्रतीक है। योग किसी एक जाति के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है. आज अच्छे स्वास्थ्य के साथ यह एक महत्वपूर्ण हुनर भी बन गया है, जिसके माध्यम से दुनिया भर में अच्छा केरियर बनाया जा सकता है।





### योग से शारीरिक मानसिक और वैचारिक स्वास्थ्य: मंगुभाई पटेल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि योग से शारीरिक मानसिक और वैचारिक स्वास्थ्य मिलता है. योग शरीर, मन, आत्मा को जोड़ने का विधान है. यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित कर बीमारियों की रोकथाम करता है. इसने हमें वैश्विक आपदा कोविड से उबरने में मदद की है. यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे स्वीकार करके इसकी उपयोगिता सिद्ध की है. आज योग की पहचान पूरे विश्व में है. उन्होंने युवाओं से कहा कि उनके कैरिअर और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए योग सशक्त माध्यम साबित होगा. योग को अपने जीवन में अंगीकार करें, सात्विक एवं संतुलित आहार ग्रहण करें. योग के नियमित अभ्यास से विचारों में दुनिया के प्रति सकारात्मक बदलाव येगा।

### मप्र के विद्यालयों में योग की शिक्षा अनिवार्य की जाएगी: चौहान

जबलपुर के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, निरोग रहने के लिए योग करें। यह योग केवल योग दिवस के दिन नहीं करना, बल्कि रोजाना करना है। स्वस्थ रहना भी देश की सबसे बड़ी सेवा है। अस्पतालों में भीड़ क्यों लगाएं। योग करें, स्वस्थ रहें, मस्त रहें। योग जोड़ता है।% ष्टरूने घोषणा करते हुए कहा, मध्यप्रदेश के विद्यालयों में योग की शिक्षा अनिवार्य की जाएगी। श्री चौहान कहा आज संस्कारधानी जबलपुर, प्रदेश, देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व योगमय हो गया है और इसका श्रेय जाता है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को, जो आज स्वयं संयुक्त राष्ट्र संघ में दुनिया लिए योग का नेतृत्व कर रहे हैं। योग की इस विधा को जन -जन तक पहुँचने का कार्य प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## एमपी टूरिज्म का एक्सपर्ट शॉट भोपाल में कल



Sheo Shekhar Shukla

**भोपाल।** फिल्म एवं थियेटर से जुड़े कलाकार और विद्यार्थी फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध विशेषज्ञों से फिल्ममेकिंग के गुर सीखेंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 22 जून को सुबह 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में एक्सपर्ट शॉट 3.0 का आयोजन किया जायेगा। एक्सपर्ट शॉट 3.0 का लाइव एमपी टूरिज्म के यूट्यूब पेज पर किया जायेगा ताकि फिल्म क्षेत्र में रुचि रखने वाले सभी व्यक्ति इसका लाभ ले सकें। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में फिल्म शूटिंग, अधोसंरचना विकास में निवेश एवं स्थानीय कलाकारों की भागीदारी के अवसरों को तलाशने के लिए विशेषज्ञों का फैमिलियराइजेशन टूर (परिचय यात्रा) और वर्कशॉप भी की जायेगी।

### फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध विशेषज्ञ, प्रोड्यूसर और एक्टर्स होंगे शामिल

एक्सपर्ट शॉट के लिए प्रसिद्ध प्रोड्युसर एवं एक्टर सुश्री वाणी त्रिपाठी टीकू, मैजिक अवर फिल्म्स मुंबई के प्रोड्युसर समीर सरकार, जी स्टूडियो मुंबई के हेड ऑफ प्रोडक्शन एडं कमर्शियल्स सुमित खुराना, जियो स्टूडियो मुंबई की कन्टेंट अलाएंस हेड सुश्री शोभा संत, वन एच मीडिया कंसल्टेंट मुंबई की फाउंडर सुश्री हेमलता उपाध्याय, सोनी पिक्चर्स इंटरटेन्मेंट मुंबई के प्रोडक्शन हेड धैर्यशील निम्बाल्कर, गुरु फिल्म्स से फिल्म प्रोड्युसर (तेलुगु) सुश्री सुनिता टाटी, लायंसगेट इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट (ओरिजनल्स) सुश्री मृणालिनी खन्ना, नेटफ्लिक्स के डायरेक्टर (प्रोडक्शन मैनेजमेंट) पार्थ अरोड़ा, जुगाड़ मोशन पिक्चर्स के प्रोड्युसर एवं फाउंडर धीर मोमाया विशेष रूप से भोपाल आ रहे हैं।

भोपाल आ रहे सभी विशेषज्ञ, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और एक्टर्स 21 जून को मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण की संभावनाएँ के साथ ही अधोसंरचना विकास हेतु निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे। सभी अतिथिगण जनजातीय संग्रहालय और सांची का भ्रमण भी करेंगे।

### फिल्म क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों को देंगे मार्गदर्शन

उप संचालक (फिल्म्स) टूरिज्म बोर्ड युवराज पडोले ने बताया कि, 22 जून को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में 'एक्सपर्ट शॉट सेशन' होगा। सेशन में विशेषज्ञों द्वारा जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय और प्रदेश के नाट्य विद्यालयों में फिल्म निर्माण कोर्स कर रहे विद्यार्थी, फिल्म एवं थियेटर से जुड़े कलाकारों को फिल्म इंडस्ट्री में संभावनाओं को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। दोनों ही दिन कार्यक्रमों में बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक विवेक श्रोत्रिय एवं एमपीएसटीडीसी के प्रबंध संचालक कौशलेंद्र विक्रम सिंह विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## तारक मेहता शो के चाहने वालों को बड़ा झटका, तीन लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

मशहूर टेलीविजन शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा लंबे समय से काफी ज्यादा विवादों में है। बता दें कि, लंबे समय तक शो में काम करने के बाद अब कई कलाकार ऐसे राज उजागर कर रहे हैं, जिसने सभी को काफी ज्यादा हैरानी में डाल दिया है। जिसकी वजह से लोगों का सबसे प्रिय शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा विवादों में आ गया है।



तारक मेहता शो में सोढ़ी भाई की पत्नी का किरदार जेनिफर मिस्ट्री बंसीवाल ने लंबे समय तक निभाया लेकिन अब उनके छोड़ छोड़ जाने के बाद उन्होंने कई गंभीर आरोप शो के प्रोड्यूसर असित मोदी पर लगाए थे। इतना ही नहीं उनके खिलाफ उन्होंने एफआईआर भी दर्ज करवाई थी। उन्होंने सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं जेनिफर के अलावा शो में बावरी का किरदार निभाने वाली मोनिका भदोरिया ने भी पिछले असित मोदी पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए थे। एक के बाद एक लग रहे आरोपों के बाद अब मुंबई पुलिस भी सकते में आ गई है और शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ऑपरेशन हेड सोहेल रामानी और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर जतिन बजाज के खिलाफ एफ आई आर दर्ज हो गई है।

## बी चंद्रशेखर का वीआरएस आवेदन राज्य सरकार ने किया मंजूर



**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में मध्यप्रदेश कैडर के 2002 बैच के आईएएस अधिकारी बी चंद्रशेखर (नाम परिवर्तित होने के बाद अब समान शेखर) के वीआरएस आवेदन को राज्य सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। केंद्र सरकार इसे पहले ही मंजूरी दे चुका है। शेखर ने जबलपुर संभाग आयुक्त पद पर रहते हुए वीआरएस का आवेदन उस समय दिया था जब उनका तबादला जबलपुर से भोपाल कर दिया था। राज्य सरकार द्वारा उनका आवेदन केंद्र सरकार के पास भेजा गया था जहां से उसे पिछले माह ही मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद अब राज्य सरकार ने भी इस पर अपनी मुहर लगा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेखर अब सामाजिक कार्यों में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। बताया गया है कि फिलहाल वे किसी पुस्तक को लिखने में व्यस्त हैं।

# अमेरिका में प्रधानमंत्री मोदी का भारतीयों ने किया स्वागत

**न्यूयार्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के दौरे पर मंगलवार देर रात अमेरिका पहुंचे। न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। अमेरिका के चीफ प्रोटोकॉल ऑफिसर रूफस गिफर्ड, ह्न में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज और अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने उन्हें रिसीव किया।

पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के लोग भी मौजूद रहे। कल पीएम मोदी यूएन के योग दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद 22 जून से अमेरिका के राजकीय मेहमान होंगे। पीएम मोदी के साथ मंत्रियों का एक दल और ट्रेड डेलिगेशन भी अमेरिका पहुंचा है। डेलिगेशन में अलग-अलग सेक्टर्स जैसे आईटी, डिफेंस, एविएशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े लोग हैं।



### भारत का टाइम आ गया, भारत शांति के समर्थन में: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा- भारत निष्पक्ष नहीं है। भारत शांति के समर्थन में है। सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना चाहिए और दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। विवाद बातचीत के जरिए सुलझाए जाने चाहिए, न कि जंग से। भारत इस जंग को रोकने की हर संभव कोशिश करेगा। पीएम मोदी ने यह बातें अमेरिका विजिट से पहले अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में कहीं। एक घंटे के इंटरव्यू में उन्होंने ग्लोबल पॉलिटिक्स से लेकर इकोनॉमी में भारत की लगातार बढ़ती भूमिका पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ग्लोबल लेवल पर भारत का अहम भूमिका निभाने का समय आ चुका है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जो इंटरव्यू छापा है उसमें पीएम मोदी से पूछे गए सवाल नहीं बताए गए हैं। उसे बातचीत के तौर पर पब्लिश किया गया है। पीएम की इंटरव्यू देते हुए कोई तस्वीर भी सार्वजनिक नहीं की गई है। बस यह बताया गया है कि उन्होंने पीले रंग का कुरता और लाइट ब्राउन कलर की जैकेट पहनी थी।

**चीन को करारा जवाब**

## भारत ने आतंकी साजिद मीर का ऑडियो यूएन में सुनाया, बताया- कैसे दे रहा था आतंकियों को निर्देश

**न्यूयॉर्क।** चीन ने एक बार फिर 26/11 हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने में अड़ंगा लगा दिया है। चीन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को रोक दिया है। इससे पहले भी चीन साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने में रोड़ा बन चुका है। अब इसे लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की इच्छाशक्ति पर ही सवाल खड़े किए हैं। यूएन में भारत की ओर से विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अगर हम स्थापित आतंकियों को यूएन की वैश्विक आतंकियों की सूची में शामिल नहीं करा पा रहे तो यह आतंकवाद की चुनौती से निपटने की इच्छाशक्ति में कमी को दर्शाता है।



## सरकार ने अग्निशमन संचालनालय का किया गठन

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 12 जून को सतपुड़ा भवन में लगी आग की जांच के संबंध में राज्य सरकार ने भविष्य में उठने वाले सवालों को लेकर सम्पूर्ण सावधानी के साथ जांच रिपोर्ट तैयार करते हुए प्रभावित सभी विभागों में अलग-अलग 20-22 समितियों का गठन कर दिया है। जांच समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने, जितने भी सेम्पल एकत्र करवाए थे उन्हें बकायदा रिजर्व कर दिया गया है और किसी भी तरह के सवालों के जवाब, देने के लिए पूरी सतर्कता के साथ उन तथ्यों को भी सुरक्षित कर दिया गया है, जिससे पूरी पारदर्शिता का सबको पता हो। सूत्रों के अनुसार सतपुड़ा भवन की आग से सबक लेते हुए, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा की सलाह पर एसडीआरएफ की पृथक संचालनालय का गठन कर दिया गया है।



## 24 जनवरी से रामलला का दर्शन भक्तों को मिलने लगेगा अयोध्या में

**अयोध्या।** रामभक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। श्री रामजन्मभूमि परिसर में बन रहा राम मंदिर जनवरी 2024 में खुल जाएगा। 24 जनवरी से भव्य गर्भगृह में रामलला का दर्शन भक्तों को मिलने लगेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मकर संक्रांति से शुरू होगा। भव्य गर्भगृह में रामलला को विराजित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आएंगे।

161 फीट ऊंचे दिव्य-भव्य राममंदिर में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तिथि सामने आ गयी है। एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि दिसंबर 2023 तक राममंदिर भक्तों के दर्शन लायक बन जाएगा। तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है। बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मकर संक्रांति के बाद होनी चाहिए। ऐसे में 14-15 जनवरी 2024 से 24 जनवरी के बीच रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न कर लिया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 10 दिवसीय होगा। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि 24-25 जनवरी से भव्य गर्भगृह में भक्तों को रामलला का दर्शन प्राप्त होने लगेगा।



## कमलनाथ ने उठाया सवाल, क्या किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है?

**शाजापुर।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि शाजापुर जिले से लेकर पूरे प्रदेश में लहसुन प्याज टमाटर अन्य सब्जियां उगाने वाले किसानों के साथ क्या न्याय किया जा रहा है। क्या किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है? आज कितने प्रतिशत किसानों को समर्थन मूल्य मिल रहा है? आज मंडियों में किसानों को लंबी-लंबी लाइनों में क्यों लगना पड़ता है? यह बड़ा प्रश्न है।

उन्होंने शाजापुर जिले के अकोदिया मंडी में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि मैं झूठी घोषणाएं करने में और वादे करने में भरोसा नहीं करता।अकेले शाजापुर में हमने 92 हजार किसानों का कर्ज माफ किया था, कृषि क्षेत्र जैसे हमारा अकोदिया मंडी है ऐसे क्षेत्रों को हम सबसे ज्यादा तरजीह देने का कार्य करेंगे ताकि प्रदेश के अन्नदाता को समृद्ध बना सकें।

उन्होंने कहा, निवेशकों को आज मध्यप्रदेश पर विश्वास नहीं है। निवेश के लिए भरोसा सबसे ज्यादा आवश्यक है और निवेश तभी आएगा जब मध्यप्रदेश पर देश के निवेशकों को भरोसा हो। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने आज मध्य प्रदेश को घोटाला प्रदेश बनाकर रख दिया है महाकाल लोक के निर्माण कार्य में घोटाला किया भ्रष्टाचार करने में धर्म को भी नहीं छोड़ा। इस खोखली सरकार ने भगवान की मूर्तियां तक खोकली बनाई देशभर में प्रदेश को कलंकित किया है।



उन्होंने कहा कि किस प्रकार से सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध रूप से भूमि का डायवर्शन कर दिया गया 2028 में होने वाले सिंहस्थ से पहले ही जमीनों का लैंड यूज चेंज की किया गया, इस प्रकार के घपले घोटाले धर्म के नाम पर किए गए। पूरा देश देख रहा है कि हमारे तीर्थ स्थल भी भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं है। रजिस्टर्ड बेरोज़गार नौजवानों की संख्या 40 लाख को पार कर गई रजिस्ट्रेशन से नौजवानों का भरोसा उठ गया है लगभग एक करोड़ नौजवान आज प्रदेश में बेरोजगार बैठा है। हाल ही में राजधानी भोपाल के सतपुड़ा भवन में आग लगी 17 घंटों तक आग लगी रही यह आग लगी या लगाई गई इस पर संदेह है। पुलिस प्रशासन से मैं हमेशा कहता हूं कि पुलिस को अपनी वर्दी का सम्मान करना चाहिए कुछ लोग भारतीय जनता पार्टी का बिल्ला जेब में रखकर कार्य कर रहे हैं मात्र चार-पांच महीने की बात है , ऐसे लोगों पर कार्यवाही अवश्य करेंगे। कांग्रेस के जिस कार्यकर्ता ने 18 वर्षों तक कांग्रेस का झंडा थामे रखा वह आज इस बात को अच्छी तरह जानता है कि यह चुनाव किस प्रकार से उनका और प्रदेश का भविष्य तय करेगा।

# अमेरिका की ऐमरी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी गांधी मेडिकल कॉलेज के साथ करेंगे टीबी पर रिसर्च

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने की विद्यार्थियों के साथ चर्चा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को मंत्रालय में अमेरिका की सुप्रसिद्ध ऐमरी यूनिवर्सिटी से गांधी मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिये आये विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। यह विद्यार्थी भोपाल जीएमसी के चिकित्सा विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों के साथ मिल कर गर्भवती महिलाओं में टीबी के विषय पर शोध करेंगे। मंत्री सारंग ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा चिकित्सा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मेडिकल नॉलेज शेयरिंग मिशन के तत्वावधान में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल एवं अमेरिका की ऐमरी यूनिवर्सिटी में बीच चिकित्सीय ज्ञान के आदान-प्रदान के लिये एमओयू किया गया है।

इसके तहत ऐमरी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भोपाल के गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिल कर एक माह तक गर्भवती महिलाओं में टीबी की स्क्रीनिंग को लेकर बेस लाइन डेटा कलेक्शन एवं डेटा एनालिसिस कर पीडीएसए (प्लान डू स्टडी एक्ट) टूल्स पर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के टीबी मरीजों के सटीक इलाज में मदद मिलेगी।

### 15 लोगों की संयुक्त टीम करेगी शोध

मंत्री सारंग ने बताया कि गर्भवती महिलाओं में टीबी की समस्या का असर शिशु पर पड़ने की भी संभावना रहती है, जिसके लिये सही समय पर टीबी की जाँच किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऐमरी यूनिवर्सिटी से मास्टर्स इन पब्लिक हेल्थ के 4 विद्यार्थियों और गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्री रोग एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के 6 विद्यार्थियों के साथ अमेरिका एवं गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों को मिला कर कुल 15 लोगों की टीम बनाई गई है, जो सीईटीआई (कॉलेबरेशन फॉर टीबी इन इंडिया) एवं मेडिकल नॉलेज शेयरिंग मिशन म.प्र. के साथ मिल कर रिपोर्ट तैयार करेगी।

### सटीक उपचार के लिये कार्य-योजना होगी तैयार

मंत्री सारंग ने बताया कि ऐमरी यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू से मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे चिकित्सा विद्यार्थियों को विश्व स्तर पर चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार, शैक्षणिक प्रगति एवं शोध के क्षेत्र के विभिन्न आयामों के अध्ययन का अवसर मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के साथ चिकित्सीय ज्ञान के आदान-प्रदान के लिये नॉलेज शेयरिंग मिशन की स्थापना की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से ऐमरी यूनिवर्सिटी के साथ टीबी शोध, उपचार एवं नवीन तकनीकों का आदान-प्रदान किया जायेगा। इससे टीबी रोगियों के बेहतर एवं सटीक उपचार के लिये कार्य-योजना तैयार की जायेगी।

# हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## मनुष्य और प्रकृति के बीच सदभाव रखने में सहायक है योगः प्रो. डेहरिया कुलपति



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय 21जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया सुबह प्रातः 6:00 समस्त शिक्षकों ,विद्यार्थियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में योगाभ्यास कराए गए इस अवसर पर पूर्व कुलपति मोहनलाल छीपा ने अपने उद्बोधन में बताया योग को दुनिया के लिए प्राचीन भारतीय परंपरा के एक अमूल्य उपहार के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच सद्भाव और स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह केवल एक अभ्यास नहीं है, बल्कि स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना की खोज करने की आध्यात्मिक यात्रा है। आभार व्यक्त कुलसचिव यशवंत पटेल ने किया जनसंपर्क पत्रकारिता विभाग डॉक्टर भूपेंद्र एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा भोपाल पहुंची

**भोपाल ।** पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में 20 जून को राष्ट्रीय स्तर से भोपाल में फंदा बायपास पर आगमन हुआ। मध्य प्रदेश में एनपीएस निजीकरण हटाओ के विरोध में 2005 से बंद पुरानी पेंशन को वापस यथास्थिति में बहाली को लेकर यात्रा कर रहे है उनके साथ कार जीप बस मोटर सायकल आदि लेकर शिक्षक कर्मचारी चल रहे है। आज भोपाल जिले में नेशनल मूवमेंट ओल्ड पेंशन स्कीम एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु 1 जून से बिहार के चंपाहरण से पेंशन रथ यात्रा लेकर भोपाल में पहुंचे मध्यप्रदेश में यह यात्रा 17 जून से नागोद सतना से प्रवेश हुई है जो मध्यप्रदेश में 22 जून तक विभिन्न जिलों में पहुंच रही है इसी कड़ी में रायसेन से सुबह 02 बजे दोपहर यह यात्रा फंदा बायपास से निकली जिसमे भोपाल जिले के शिक्षक कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा देशव्यापी पुरानी पेंशज बहाली यात्रा का आज जगह जगह स्वागत हुआ । रायसेन, सांची ,सलामतपुर बेरखेड़ी चौराहा, भोरी भोपाल बायपास सीहोर और आष्टा में आज एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा एनएमओपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी के नेतृत्व में निकाली गई जिसमे शिक्षक कर्मचारियों बड़ी तादात में भाग लिया। यात्रा में नीरज पति त्रिपाठी, परमानंद देहरिया, डी के सिंगोर, हीरानंद नरवरिया, बाबूलाल मालवीय, रमेश पाटिल , अवनीश श्रीवास्तव, अनिल मिस्त्रा, कुलदीप सैनी कुली, सैयद दानिश इमरान आदि शामिल रहे।

## एमपी टूरिज्म का एक्सपर्ट शॉट भोपाल में कल, प्रदेश में फिल्मांकन संभावनाओं पर होगा मंथन

# फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों से सीखेंगे फिल्म मेकिंग के गुर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



फिल्म एवं थियेटर से जुड़े कलाकार और विद्यार्थी फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध विशेषज्ञों से फिल्ममेकिंग के गुर सीखेंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 22 जून को सुबह 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में एक्सपर्ट शॉट 3.0 का आयोजन किया जायेगा। एक्सपर्ट शॉट 3.0 का लाइव एमपी टूरिज्म के यूट्यूब पेज पर किया जायेगा ताकि फिल्म क्षेत्र में रुचि रखने वाले सभी व्यक्ति इसका लाभ ले सकें। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में फिल्म शूटिंग, अधोसंरचना विकास में निवेश एवं स्थानीय कलाकारों की भागीदारी के अवसरों को तलाशने के लिए विशेषज्ञों का फैमिलियराइजेशन टूर (परिचय यात्रा) और वर्कशॉप भी की जायेगी।

### फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध विशेषज्ञ, प्रोड्यूसर और एक्टर्स होंगे शामिल

एक्सपर्ट शॉट के लिए प्रसिद्ध प्रोड्युसर एवं एक्टर सुश्री वाणी त्रिपाठी टीकू, मैजिक अवर फिल्म्स मुंबई के प्रोड्युसर समीर सरकार, जी स्टूडियो मुंबई के हेड ऑफ प्रोडक्शन एडं कमर्शियल्स सुमित खुराना, जियो स्टूडियो मुंबई की कन्टेंट अलाएंस हेड सुश्री शोभा संत, वन एच मीडिया कंसलटेंट मुंबई की फाउंडर हेमलता उपाध्याय, सोनी पिक्चर्स इंटरटेन्मेंट मुंबई के प्रोडक्शन हेड धैर्यशील निम्बाल्कर, गुरु फिल्म्स से फिल्म प्रोड्युसर (तेलुगु) सुनिता टाटी, लायंसगेट इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट (ओरिजनल्स) सुश्री मृणालिनी खन्ना, नेटफ्लिक्स के डायरेक्टर (प्रोडक्शन मैनेजमेंट) श्री पार्थ अरोड़ा, जुगाड़ मोशन पिक्चर्स के प्रोड्युसर एवं फाउंडर श्री धीर मोमाया विशेष रूप से भोपाल आ रहे हैं। भोपाल आ रहे सभी विशेषज्ञ, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और एक्टर्स 21 जून को मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण की संभावनाएं के साथ ही अधोसंरचना विकास हेतु निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे।

उप संचालक (फिल्म्स) टूरिज्म बोर्ड युवराज पडोले ने बताया कि, 22 जून को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में 'एक्सपर्ट शॉट सेशन' होगा। सेशन में विशेषज्ञों द्वारा जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय और प्रदेश के नाट्य विद्यालयों में फिल्म निर्माण कोर्स कर रहे विद्यार्थी, फिल्म एवं थियेटर से जुड़े कलाकारों को फिल्म इंडस्ट्री में संभावनाओं को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# कम्युनिटी हॉल में सैंकड़ों साथियों के साथ किया योग



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिंधी कम्युनिटी कम्युनिटी हॉल में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रतिदिन योग करने वालां और विपदा की घड़ी में संकटमोचक की भूमिका निभाने वाले एनडीआरएफ के जवानों का शाल व मेमोंटो से सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने कहा कि दुनिया भर में योग के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग की भावना से आज योग दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर उत्तर विधानसभा संयोजक मनोज राठौर ,प्रभारी चेतन भार्गव,धर्मगुरु शानू,शैलेश साहू, राजेश कनोजिया, विकास सोनी, नरेंद्र ठाकुर, यतिन मकवाना, भगवानदास ढालियां उपस्थित थे।

# डिजिटल मेडिकल सर्विसेस को भारत के करीब लाने वाला ड्रिफकेस ऐप अब हिंदी में भी उपलब्ध

**भोपाल।** ड्रिफकेस ऐप का हिंदी वर्जन बनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के यूजर्स की जरूरत को पूरा करना है। ड्रिफकेस ऐप आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अनुरूप है। इसमें हाई क्वालिटी वाली मेडिकल सर्विसेस तक हिंदी भाषा के यूजर्स की पहुंच बढ़ाने की सोच के साथ इसे बनाया गया है। भारत के प्रमुख हेल्थटेक प्लेटफॉर्म ड्रिफकेस ने हाल ही में अपने ऐप को हिंदी में लॉन्च करने की घोषणा की है।हिंदी भाषा के यूजर्स को बेहतर मेडिकल सर्विसेस देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हिंदी वर्जन की शुरूआत के साथ ड्रिफकेस का उद्देश्य उस व्यक्ति तक अपनी डिजिटल मेडिकल सर्विसेस पहुंचाना है जो अपनी पहली भाषा के रूप में हिंदी बोलते हैं।

ड्रिफकेस के सह-संस्थापक सोहित कपूर ने बताया कि हर भाषा के यूजर्स के लिए डिजिटल मेडिकल सर्विसेस आसानी से उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने बताया कि हिंदी वर्जन के लॉन्च के साथ हम भारत में मेडिकल सर्विसेस को और मजबूत कर रहे हैं और उन्हें अधिक लोगों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे है। इस ऐप में यूजर्स अब अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी इस आसानी से नेविगेट सकर सकते है।

# समर स्पोर्टस कैम्प एवं परीक्षा पे चर्चा के प्रमाण पत्र वितरित



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठ्ठी गोबिन्दराम एवं नवनिध स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के पुनः आगमन पर विशेष अभिप्रेरणात्मक प्रार्थना सभा आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, उपध्?याक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी, अजयबहादुर सिह, अमृता मोटवानी सहित कई उपस्थित थे।

इस विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सिद्ध भाऊ ने कहा कि आगे वही बढ़ते हैं जो सवेरे जल्दी उठकर पढ़ते हैं। स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए आप सुबह जल्दी उठकर प्राणायाम व योग करें। सुबह दिमाग स्पंज की तरह होता है व याद किया हुआ पाठ जीवन भर स्मरण रहता है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए विद्यार्थी विद्यालय में आयोजित की जाने वाली खेलकूद व विविध गतिविधियों में भाग लें।

# संस्कार विद्यालय में संगीतमय हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



**संत हिरदाराम नगर।** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय हनुमान चालीस का पाठ का प्रारम्भ किया था। इसी कड़ी में नए सत्र के प्रारम्भ में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ के साथ विद्यालय की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। बसंत चेलानी ने कहा कि आगे भी हर मंगलवार को विद्यालय की शुरूआत इसी तरह की जाएगी जिससे विद्यालय के बच्चें हमारे सनातन धर्म को पहचाने एवं आगे बढ़ाएं। सुशील वासवानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय में अपार आनन्द की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कई उदाहरणों के साथ सनातन धर्म को आगे बढ़ाने एवं चारों ओर प्रसार करने का संदेश दिया।

# भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है योग

**डॉ आर.एच. लता**



प्राचीन भारत में योग का अस्तित्व था इसका प्रमाण सिंधु सरस्वती घाटी सभ्यता में योग साधना करती अनेकों आकृतियां के साथ प्राप्त ढ़ेरों मुहर और जीवाश्म अवशेष हैं। महर्षि पतंजलि के अलावे अनेकों ऋषियों और योग आचार्यो ने योग अभ्यासों व यौगिक साहित्य के माध्यम से इस क्षेत्र के संरक्षण व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्राचीन भारतीय परंपरा और संस्कृति की अमूल्य देन है योग। यह मनुष्य की चेतना के विकास का विज्ञान है। योग में पदार्थ, जीवन और चेतना का समन्वय होता है। यह विज्ञान और अध्यात्म का योग भी कराता है। योग के चमत्कारिक प्रभावों को मेडिकल साइंस भी मान चुका है। योग का अर्थ जोड़ना, संयोजित करना, सम्मिलित करना और तदाकार होना है। ज्योतिष शास्त्र में योग का संबंध युग(काल) से है। वहीं गणित शास्त्र में दो या दो से अधिक संख्याओं के जोड़ को योग कहा गया है। जबकि आयुर्वेद में विभिन्न प्रकार की औषधियों के मेल को योग कहते हैं। योग शब्द प्राचीन भारतीय आर्य भाषायी परिवार का है। योग जर्मन भाषा के जोक, एंग्लो सैक्शन के गेओक, इडक के ओक, लैटिन के इउगम और ग्रीक के जुगोम के समकक्ष अथवा समनार्थक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत वर्ष 27 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69 वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि %योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। ..आइए हम सब मिलकर योग को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्वीकार करने की दिशा में कार्य करें। तदोपरांत गत वर्ष 11 दिसम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने रिकार्ड 177 सह समर्थक देशों के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया। योग का इतिहास हजारों साल पुराना है। श्रुति परंपरा के अनुसार भगवान शिव योग विद्या कि प्रथम आदि गुरु, योगी या आदियोगी हैं। हजारों साल पूर्व भगवान शिव ने हिमालय के कांतिसरोवर झील के किनारे सप्तऋषियों को योग का गुढ़ ज्ञान दिया था। तत्पश्चात अत्यंत महत्वपूर्ण योग विद्या को सप्त ऋषियों ने एशिया, मध्यपूर्व उतरी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका समेत विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में प्रसारित किया। प्राचीन भारत में योग का अस्तित्व था इसका प्रमाण सिंधु सरस्वती घाटी सभ्यता में योग साधना करती अनेकों आकृतियां के साथ प्राप्त ढ़ेरों मुहर और जीवाश्म अवशेष हैं। महर्षि पतंजलि के अलावे अनेकों ऋषियों और योग आचार्यो ने योग अभ्यासों व यौगिक साहित्य के माध्यम से इस क्षेत्र के संरक्षण व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज पूरा विश्व योग से लाभांवित हो रहा है। यह दिन-प्रतिदिन विकसित व समृद्ध हो रहा है।

**( लेखिका विक्की की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं )**

## वसुधैव कुटुम्बकमं के लिए योग विषय पर संगोष्ठी संपन्न

**भोपाल ।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में दो दिवसीय नौंवा अंतरराष्ट्रीय योग के पूर्व दिवस पर यह आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के शोध प्रकोष्ठ एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो ,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ । पहले दिन परिसर में चित्र प्रदर्शनी और वसुदधैव कुटुंबकम के लिए योग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।मुख्य अतिथि विधायक गोविंदपुरा कृष्णा गौर उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में वर्तमान में योग के महत्व को साझा किया। क्षेत्र विधायक को कहा योग के कारण आज समूचा विश्व ही एक कुटुंब परिवार की तरह हो गया है वसुधैव कुटुंबकम की यही थीम आज पूरे विश्व में भाईचारे की एक मिसाल बन गई है विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डा साधना दानौरिया विभागाध्यक्ष योग विभाग बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल ने विश्व भर में योग के प्रचार प्रसार और भारत से ज्यादा दूसरे देशों में योग को अपनाए जाने की बात कही ।

# भारतीय डाक कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश परिमंडल की हुई प्रांतीय बैठक



**भोपाल।** अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश परिमंडल की का 30वां वार्षिक अधिवेशन भोपाल में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में नई कार्यकारिणी के चुनाव हुए जिसमें सिद्धेश्वर सिंह रीवा को प्रांतीय अध्यक्ष एवं बीएस शाक्य को प्रांतीय सचिव निर्वाचित किया गया। बीएस शाक्य ने बताया कि इस वार्षिक अधिवेशन में कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सिद्धू सत्संग रीवा को प्रांतीय अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इस अवसर पर 15 सदस्य कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। बीएस शाक्य ने बताया कि डाक कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर इस वार्षिक अधिवेशन में विचार विमर्श हुआ अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश परिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय महासचिव भी सम्मिलित हुए और उन्होंने कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

## 31 वीं सेंट्रल इंडिया कराटे डू चैंपियनशिप संपन्न

**भोपाल।** जल संस्थान पर 31 वी सेंट्रल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया इस चैंपियनशिप के आयोजक जीएम शौकत सैयद शेख ने बताया कि इस चैंपियनशिप में 6 राज्यों के 412 खिलाड़ियों ने भाग लिया इसमें मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान हासिल हुआ एवं राजस्थान को स्थान हासिल हुआ।

# नरेला में विशेष जनसंपर्क अभियान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 37 के बूथ क्रमांक 124 खुशीपुरा में घर-घर जनसंपर्क किया 7 इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों का पत्रक वितरित कर रहवासियों से संवाद किया एवं केंद्र व राज्य सरकार के जनहितैषी कार्यों के प्रति जागरूक किया। रहवासियों से संवाद करते हुए विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष रूप से जनहित की सर्वस्पर्शी योजनाओं के जरिये सर्व समाज में पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाया जा रहा है।

**मोदी सरकार के 9 वर्षों में हुए अभूतपूर्व कार्यः** मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों के कार्यकाल में देश में विकास की गंगा बहाने के साथ ही सर्वस्पर्शी योजनाओं की शुरुआत की गई। इन योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग का जीवन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि इन नौ वर्षों में सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर से लेकर महिलाओं व युवाओं के साथ ही सभी वर्ग के लोगों के लिए सबका साथ व सबका विकास के नारे को चरितार्थ किया है। यही कारण है कि देश की जनता का समर्थन निरंतर भाजपा सरकार को प्राप्त हो रहा है।

# पार्षद विकास की आधारभूत कड़ी हैः राजपूत



सागर। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के बिलहरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 01 के नगरीय निकाय उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजय प्राप्त हुई है जिसको लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भाजपा के विजय प्रत्याशी कमलेश सौंर ने सागर कार्यालय एफ-1 में माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विजय प्रत्याशी को जीत की शुभकामनायें देते हुये कहा कि पार्षद विकास की आधारभूत कड़ी है अपने पद और जनता के विश्वास को हमेशा बनाये रखना। श्री राजपूत ने बिलहरा की जनता का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि उप चुनाव में कमलेश सौंर वार्ड क्र.1 से भाजपा के प्रत्याशी थे विपक्ष में हरनाम सौंर उर्फ हन्नू सौंर कांग्रेस से प्रत्याशी थे जिन्हें मात्र 262 वोटें मिलीं वहीं दूसरी ओर भाजपा की रीतिनीति और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता ने भाजपा के प्रत्याशी कमलेश सौंर का साथ दिया जिन्हें 449 मत प्राप्त हुये अपने प्रतिद्वंधी से 187 मतों से विजयी रहे। यह विजय भाजपा की है जिसने जनकल्याणकारी योजनाओं में हर व्यक्ति को शामिल किया। यह उपचुनाव के परिणाम बताते हैं कि जनता भाजपा के साथ है। विजय प्रत्याशी कमलेश सौंर ने कहा कि राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यो एवं भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं के चलते जनता का भरोसा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा भाजपा पर है। मंत्री की मंशानुसार मैं क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा।।





# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने जबलपुर में योग किया। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। राजधानी में कई जगह सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़ी झील में क्रूज पर योगाभ्यास किया गया, जबकि अटल पथ स्मार्ट सिटी, अरेरा कालोनी, आंचलिक विज्ञान केंद्र आदि स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने इंदौर में योगाभ्यास किया।



























## सम्पादकीय

# योग करें स्वस्थ रहें

दैनिक जीवन में योग का मूल सिद्धान्त स्वतंत्रता है। योग हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग है। योग एक धर्म नहीं है- यह आध्यात्मिकता और बुद्धिमत्ता का स्रोत, सभी धर्मों की जड़ है। योग धार्मिक सीमाओं के बंधनों को दूर करता है और एकता का मार्ग दिखाता है। योग कुछ आसन-प्राणायाम का नाम नहीं है, अपितु बहुत व्यापक शब्द है। इसके अर्थ व्यापक हैं। आसन-प्राणायाम तो उसका एक बहुत छोटा सा हिस्सा है, जो हमें स्वस्थ रखने में सहायक होता है। आइए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के बारे में कुछ बातें संक्षेप में जानते हैं।

योग शब्द का उद्गम संस्कृत भाषा से है और इसका अर्थ जोड़ना, एकत्र करना है। योगिक व्यायामों का एक पवित्र प्रभाव होता है और यह शरीर, मन, चेतना और आत्मा को संतुलित करता है। योग हमें दैनन्दिन की माँगों, समस्याओं और परेशानियों का मुकाबला करने में सहायक होता है। योग स्वयं के बारे में समझ, जीवन का प्रयोजन और ईश्वर से हमारे संबंध की जानकारी विकसित करने के लिए सहायता करता है। आध्यात्मिक पथ पर योग हमको ब्रह्माण्ड के स्व के साथ वैयक्तिक स्व के शाश्वत परमानंद मिलन और सर्वोच्च ज्ञान को प्रशस्त करता है। योग सर्वोच्च ब्रह्मांडमय सिद्धान्त है। यह जीवन का प्रकाश, विश्व की सृजनात्मक चेतना है जो सदैव सजग रहती है और कभी सोती नहीं; जो हमेशा थी, हमेशा है और हमेशा होगी-रहेगी।

हजारों वर्ष पहले भारत में ऋषियों, बुद्धिजीवियों और संतों ने अपनी ध्यानावस्था में प्रकृति और ब्रह्माण्ड की खोज की थी। उन्होंने भौतिक और आध्यात्मिक शासनों के कानूनों का पता किया था और विश्व में संबंधों की अंतर्दृष्टि प्राप्त की थी। उन्होंने ब्रह्माण्ड के नियमों, प्रकृति के नियम और तत्वों, धरती पर जीवन और ब्रह्माण्ड में कार्यरत शक्तियों और ऊर्जाओं-बाह्य संसार और आध्यात्मिक स्तर दोनों पर ही, जांच की थी। पदार्थ और ऊर्जा की एकता, ब्रह्माण्ड का उद्गम और प्राथमिक शक्तियों के प्रभावों का वर्णन और स्पष्टीकरण वेदों में किया गया है। इस ज्ञान का पर्याप्त अंश पुन: खोजा गया और आधुनिक विज्ञान द्वारा उसकी पुष्टि-सत्य अनुभूति की गई है।

हमारे जीवन में शारीरिक स्वास्थ्य का आधारभूत मूल महत्व है। किसी ने कहा है-स्वास्थ्य भले ही सब कुछ नहीं है, किन्तु स्वास्थ्य के बिना सब कुछ शून्य है। स्वास्थ्य को बनाने और उसको संजोये रखने के लिए शारीरिक व्यायाम, आसन, श्वास व्यायाम (प्राणायाम और तनावहीनता, विश्राम, शिथिलता, आदि) तकनीकें हैं। दैनिक जीवन में योग में श्रेष्ठ आसनों और प्राणायामों को अष्ट स्तरीय प्रणाली में बांधा गया है, जिसका प्रारम्भ उन आसन-व्यायाम से किया जाता है, जो हर व्यक्ति के लिए लाभदायक हैं।

मानसिक स्वास्थ्य- सामान्यत, हम मन और इंद्रियों को नियंत्रण में रखने की अपेक्षा इनसे ही जीवन में चलते हैं। तथापि, मन पर नियंत्रण करने के लिए हमें इसे आंतरिक विश्लेषण के अधीन लाना चाहिए और इसको शुद्ध करना चाहिए। नकारात्मक विचार और आशंकाएँ हमारे नाड़ी तंत्र में और उसके द्वारा शारीरिक कार्य में एक असंतुलन पैदा करते हैं। यह बहुत सारी बीमारियों और दु:ख का कारण है। विचार की स्पष्टता, आंतरिक स्वतंत्रता, संतोष और एक स्वस्थ आत्मविश्वास, मानसिक कल्याण का आधार है। यही कारण है हम क्रमिक रूप से अपने नकारात्मक गुणों और विचारों का हल करने का यत्न करते हैं और सकारात्मक विचारों और व्यवहारों को विकसित करने का लक्ष्य अपने सम्मुख रखते हैं और तदनुसार कार्य करते हैं।

सामाजिक स्वास्थ्य, स्वयं अपने अंदर ही खुश होने की और अन्य लोगों की खुशी बनाने, रखने की योग्यता है। इसका अर्थ है अन्य लोगों के साथ वास्तविक संपर्क व समाज में उत्तरदायित्व ग्रहण करना और समाज के हित के लिए कार्य करना। सामाजिक स्वास्थ्य का अर्थ जीवन को इसके संपूर्ण सौंदर्य में अनुभव करना और तनावहीनता में बिताना है।

अध्यात्म की बात करें तो योग में अध्यात्म का सार सन्निहित है। प्रार्थना, ध्यान, मंत्र, सकारात्मक विचार और सहनशीलता आध्यात्मिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराते हैं। मानव को संरक्षक होना चाहिए, विध्वंसक, नाशक नहीं। जिन गुणों से हम वास्तव में मानव बनते हैं वे देने, समझने, और क्षमा करने की योग्यताएं हैं। जीवन के हर रूपों की वैयक्तिकता-पृथकता और स्वाधीनता का जीवन संरक्षण और सम्मान, योग शिक्षाओं का प्रथम अभ्यास है। इस नीति वचन का अनुसरण करने से अत्यधिक सहनशीलता, समझ, पारस्परिक प्रेम, सहायता और दयाभाव विकसित होते हैं - न केवल कुछ व्यक्तियों में, अपितु सभी मानवों, राष्ट्रों, जातियों और धार्मिक विश्वासों, मत-मतांतरों के मध्य भी।

इस प्रकार योग एक बहुत ही व्यापक शब्द है। अष्टांग योग तो यम, नियम से लेकर धारणा, ध्यान और समाधि तक होता है। परंतु जब हम सामान्य योगाभ्यास की बात करते हैं तो योग के अंतर्गत हम कुछ आसन, प्राणायाम और शवासन के साथ ही ध्यान को ही सम्मिलित करते हैं। और ये योगाभ्यास भी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कई रोगों का उपचार योग में है, तो स्वस्थ रहने के लिए भी योग आवश्यक हो गया है। हमें यदि प्रदूषण और तमाम ऐसे व्यवधानों से बचना है, तो योग उसमें सर्वाधिक उपयोगी सिद्ध होता है। इसलिए योग को अपने दैनिक जीवन का आवश्यक अंग बनाएं। योग दिवस नहीं, योग वर्ष मनाएं। सदैव योग करें, स्वस्थ रहें।

## राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी कदम भटकने लगे हैं सिंधिया समर्थक मंत्रियों और विधायकों के

**अरविंद तिवारी**

न जाने क्यों ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस



से भाजपा में आए विधायक इन दिनों भाजपा के दिग्गज नेताओं से संबंध मधुर करने में लगे हैं। सुनकर आश्चर्य लगता है कि सिंधिया खेमे के कई मंत्री इन दिनों मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के यहां अपने नंबर बढ़ाने में लगे हैं।

इनमें से कई के समर्थक तो खुलकर कहने लगे हैं कि अभी जो स्थिति भाजपा में सिंधिया की नजर आ रही है, उससे यह तो स्पष्ट है कि जिस तरह वे कांग्रेस में वीटो कर अपने समर्थकों का उद्धार कर देते थे, वैसा भाजपा में संभव होता नहीं दिख रहा है। यही परेशानी उन्हें भटकने को मजबूर कर रही है। देखिए आगे क्या क्या होता है।

**इसे कहते हैं राजनीति, भाषण शिवराज का और तारीफ सुभाष यादव की:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जो करें वह कम है। भीड़ का मिजाज देखकर उसी भाषा में बात करना मुख्यमंत्री की खूबी है। रविवार को मुख्यमंत्री इंदौर में यादव समाज के एक बड़े जलसे में शामिल होने पहुंचे। उनके एक ओर मंत्री मोहन यादव बैठे थे, तो दूसरी ओर कांग्रेस विधायक सचिन यादव।



मौके की नजाकत को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इस जलसे में यादव के पिता पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव की जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने मध्यप्रदेश की राजनीति की दिशा बदलने की कोशिश की, पर उन्हें सफल नहीं होने दिया गया। उनका इतना कहना था कि सभागार तालियों से गूंज उठा और सचिन भी मुख्यमंत्री की ओर मुस्करा दिए।

**कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी की रामलीला राजनीति:** प्रभारी की भूमिका प्राय: समन्वयक की होती है, लेकिन कांग्रेस के मध्यप्रदेश के प्रभारी जे पी अग्रवाल की शैली ने उन कार्यकर्ताओं को मायूस कर रखा है, जो उपेक्षित हैं और दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय तक अपनी जरूरी शिकायतें पहुंचाना चाहते हैं। अग्रवाल की रामलीला स्टाइल की राजनीति इन दिनों मध्यप्रदेश में चर्चा में है। सालों तक दिल्ली की प्रसिद्ध रामलीला समिति के अध्यक्ष रहे अग्रवाल वहां अक्सर बड़े नेताओं और अफसरों को बुलाकर सम्मानित करते थे। मध्यप्रदेश की कमान संभालने के बाद वे जिस भी जिले में गए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का घर जाकर शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। यहां तक तो ठीक था, लेकिन इसी कवायद में वे ऐसे कई लोगों को भी शॉल-श्रीफल भेंट कर आए जो ना तो कांग्रेस में सक्रिय रहे और दूसरी पार्टी की परिक्रमा भी कर आए।

**बड़े सरकार ने नजर फेरी और भूपेंद्र सिंह कोप भवन में चले गए:** आखिर ऐसा क्या हुआ कि कभी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रियपात्र माने जाने वाले मंत्री भूपेन्द्र सिंह इन दिनों अपने ही आका से खफा-खफा से हैं। पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष सागर जिले के कोर ग्रुप से रूबरू हुए तो भूपेंद्र सिंह नदारद थे।



कहा यह जा रहा है कि जिस तरह लोकायुक्त ने सिंह के खिलाफ जांच प्रकरण दर्ज किया, उससे वे बेहद नाराज हैं और यह मान रहे हैं कि कहीं से इशारा था, उसी के बाद लोकायुक्त ने उन्हें लपेटे में लिया। वैसे भूपेंद्र सिंह के खिलाफ एकजुट हुए सागर जिले के तमाम भाजपा नेता यह मान रहे हैं कि उनकी खिलाफत अब रंग लाने लगी है और इसका आगे और असर देखने को मिलेगा।

**दिल्ली में विवेक अग्रवाल का दबदबा और प्रदेश को मदद की दरकार:** दिल्ली में पॉवरफुल पोजिशन वाले मध्यप्रदेश कॉडर के आईएएस अफसर विवेक अग्रवाल की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात नौकरशाही के बीच बड़ी चर्चा बन गई। 2023 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अग्रवाल दिल्ली चले गए थे।



15 महीने बाद भाजपा के सरकार में वापस आने पर उनके फिर मध्यप्रदेश आने की बात चल पड़ी थी, लेकिन डेपुटेशन पॉलिसी की बाध्यता और 'बड़े साहब' के रजामंद न होने के कारण ऐसा संभव नहीं हुआ था। इसका अग्रवाल को पूरा फायदा मिला और दिल्ली में उनकी हैसियत दिन-ब-दिन बढ़ती गई। जिस महत्वपूर्ण भूमिका में अभी वे हैं, उसके बाद उनकी मध्यप्रदेश वापसी के बारे में सोचना ही बेमानी है। हां इतना जरूर है कि दिल्ली में दबदबा रखने वाले अग्रवाल मध्य प्रदेश सरकार की मदद तो कर ही देते हैं।

**कमलनाथ के यहां बढ़ने लगी है अफसरों की आवाजाही:** विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं नौकरशाही में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के यहां आईएएस और आईपीएस अफसरों की आवाजाही बढ़ गई है।



यह अफसर उनके विजन की जमकर तारीफ करने लगे हैं और खुद को वर्तमान सरकार से त्रस्त बता रहे हैं। यहां तक तो ठीक है अभी तक जो अफसर जिलों में कांग्रेसियों को भाव नहीं देते थे वह अब उन्हें मध्यप्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आने के गुणा भाग समझाने लगे हैं। यही तो है समय का फेर।

**चलते-चलते:** किस्मत हो तो कमल नागर जैसी। राज्य प्रशासनिक सेवा के उक्त अफसर के पास 6 महीने से कोई काम नहीं है। नागर जिस विभाग में पदस्थ थे, वहां से उन्हें 6 महीने पहले हटा तो दिया गया, पर कोई दूसरा काम नहीं सौंपा गया। फिलहाल वे घर बैठे हैं और पूरी तनख्वाह ले रहे हैं। ऐसे कुछ अफसर और हैं, पर गलती इनकी नहीं, सरकार ही इनसे काम लेने के मूड में नहीं दिखती।

**पुछल्ला:** एक वरिष्ठ आईएएस अफसर इन दिनों बहुत चर्चा में है। चर्चा भी किसी छोटे-मोटे मुद्दे के कारण नहीं है। दरअसल जैसे ही 2000 के नोट बाजार से वापस लेने की सूचना केंद्र सरकार ने जारी की, उक्त अफसर परेशान हो गए। होना स्वाभाविक भी था। उक्त अफसर के पास करीब आठ करोड़ रुपए के 2000 के नोट थे। इसके बदले में छोटे नोट प्राप्त करने के लिए उन्हें न जाने कितने खटकरम करना पड़े। खैर अब वे राहत महसूस कर रहे हैं, क्योंकि इतनी उठा-पटक के बाद काम तो बन गया। अंत भला तो सब भला।

**बात मीडिया की**

दैनिक भास्कर ने सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ ही कम्युनिटी में अपना नेटवर्क मजबूत करने के लिए नई पहल की है। इन संस्थाओं द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि अब भास्कर के ऐप पर सीधे खबर भेज सकेंगे और इस ऐप पर एक डेडीकेटेड टीम खबरों का परीक्षण कर उसे डिजिटल और प्रिंट मीडिया के लिए आगे बढ़ाएगी। इन संस्थागत प्रतिनिधियों को भास्कर ऐप एसोसिएट के परिचय पत्र भी दिए गए हैं। इसकी विधिवत शुरुआत शनिवार को समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल की मौजूदगी में की गई।

नईदुनिया के स्टेट एडिटर सद्गुरुशरण अवस्थी पिछले दिनों दफ्तर के केंटीन में जिस अंदाज में चाय पी रहे रिपोर्टर्स पर बरसे उसकी बड़ी चर्चा है। उन्होंने रिपोर्टर्स को तो जमकर फटकारा ही, केंटीन संचालक को भी हिदायत दे दी थी कि इन लोगों को चाय मत दिया करो। रिपोर्टर समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों? अपने पुराने साथियों से मिलने नईदुनिया पहुंची सुमेधा पुराणिक के लिए यह नजारा बहुत चौंकाने वाला था।

फ्री प्रेस और नईदुनिया में लंबे समय तक सेवाएं दे चुके तेजतर्रार रिपोर्टर नवीन यादव अब टीम प्रभात किरण का हिस्सा हो गए हैं। नवीन ने कुछ महीने पहले नईदुनिया को अलविदा कह दिया था। वे एक अच्छे बाईक राइडर और क्रिकेटर भी हैं।

पत्रिका के सांध्य संस्करण न्यूज़ टुडे में धुआंधार पारी खेल रहे सीनियर रिपोर्टर मोहित पांचाल टीम पत्रिका में अहम भूमिका में रहेंगे। मोहित भाजपा और कलेक्टोरेट बीट पर तगड़ी पकड़ रखते हैं। संदीप पारे के दैनिक भास्कर में जाने के बाद पत्रिका में यह दोनों बीट खाली थी।

सांध्य दैनिक अग्निबान इन दिनों अपने डिजिटल एडिशन पर बहुत फोकस कर रहा है। इसको बहुत अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है।

# चुनावी हुंकार में भयादोहन के जुबानी वार

**सरयूसुत मिश्र**

चुनावी हुंकार में बुढ़ापा भी जवानी में बदल जाता है. जिन अफसरों के भरोसे सरकारें चला करती हैं उन्हीं अफसरों को चुनाव में भयादोहन के लिए बयानों के शोले दागे जाते हैं. एमपी में चुनावी बारात सज रही है. सरकार बनाने और चलाने में सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए हर राजनीतिक दल अफसरों के साथ प्यार और डर का सधा हुआ खेल खेलते हैं. सत्ता पक्ष सरकारी सिस्टम को खुश करने के लिए वर्षों से लंबित उनकी मांगों को पूरा करने में जुट जाता है तो विपक्ष वायदों के सहारे सरकारी तंत्र को लुभाने की कोशिश में लग जाते हैं.

राजनीति में तंत्र से प्यार और डर का दोहरा खेल चुनावी हुंकार में सुनाई पड़ता है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ इशारों-इशारों में हर बार यह कहते हैं कि उनकी चक्की देर से सही लेकिन बहुत बारीक पीसती है. इससे उनका आशय है कि अधिकारियों और कर्मचारियों पर विपक्ष की नजर है. सरकार में आने पर अफसरों के साथ दंडित और प्रताड़ित करने की कार्यवाही किए जाने का पुराना इतिहास है. सरकार की ओर से गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा तंज करते हुए कहते हैं कि आज जमाना चक्की का नहीं मिक्सर का है. राजनेताओं की चक्की हो या मिक्सर हो पिसना तो जनता- अफसर को ही पड़ता है.

राजनेताओं की बदजुबानी, निजी पसंद और नापसंद का साफ असर सरकारी सिस्टम पर देखा जा सकता है. जब भी सरकारों में बदलाव होता है तब पुरानी सरकार के समय महत्वपूर्ण पदों पर काबिज अफसरों के खिलाफ बदले की कार्रवाई की जाती है. कमलनाथ के नेतृत्व में लंबे समय के बाद बनी कांग्रेस की सरकार के समय तो अफसरों के साथ बदले की कार्यवाही के सारे रिकॉर्ड टूट गए थे.

सक्षम और कुशल अधिकारियों को कैसे प्रताड़ित किया गया था वर्तमान मुख्य सचिव उसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं. कांग्रेस की सरकार में उन्हें कम महत्वपूर्ण पदों पर न केवल पदस्थ किया बल्कि बार-बार उनके तबादले किए गए. वर्तमान मुख्य सचिव की क्षमता और काबिलियत का इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है कि शासन में परिवर्तन के बाद न केवल उन्हें मुख्य सचिव के पद पर बिठाया गया बल्कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी भारत सरकार द्वारा उन्हें दो बार सेवावृद्धि दी गई है.




ऐसे अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं, जहां अधिकारियों को राजनीतिक अवधारणा के आधार पर प्रताड़ित किया गया हो. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में राजनेताओं के इस तरह का व्यवहार व्यवस्था को केवल कमजोर कर रहा है. सरकारें बदलने पर अचानक से जो तबादला उद्योग विकसित हो जाता है उसके पीछे भी कुछ ऐसी ही सोच होती है.

सियासत में राजनीतिक दलों को सत्ता हासिल करने के लिए चुनावी युद्ध में कम से कम सरकारी तंत्र को घसीटने से बचना चाहिए. इतनी सामान्य सी बात इन राजनेताओं को क्यों समझ में नहीं आती कि सरकारी अफसर नियम कानून के अंतर्गत समय अनुकूल शासन के निर्देशों पर अपने कर्तव्यों को पूरा करता है. कोई भी उत्कृष्ट अधिकारी होगा तो वह किसी के साथ भी काम करेगा उसका परफारमेंस बेस्ट ही होगा.

जब बेहतर परफारमेंस होता है तब अफसर और शासन में बैठे प्रतिनिधियों के प्रति आपसी व्यवहार भी बेहतर हो जाता है. उत्कृष्ट अधिकारियों के बेहतर परफॉर्मेंस और बेहतर संबंधों को किसी राजनीतिक दल या नेता से जोड़कर उस अधिकारी को सत्ता परिवर्तन के बाद दंडित करने की मानसिकता किसी हालत में स्वीकार नहीं की जा सकती.

राजनेताओं के बीच में तो राजनीतिक सहमति और तालमेल जैसा होता है. ऐसा नहीं है कि इस सिस्टम में कमजोरियों के लिए जिम्मेदार बीमारी किसी भी दल के नेता को पता नहीं है. सामान्यत: राजनेता एक दूसरे के खिलाफ कोई भी तथ्यात्मक बात नहीं करते हैं. सत्ता परिवर्तन के बाद भी राजनेताओं के बीच सामंजस्य ही देखा जाता है. शिकार केवल अफसरों को ही बनाया जाता है.

सरकार के कार्य आवंटन नियमों के अंतर्गत अफसरों को बिना लोकतांत्रिक सरकारों के निर्णय के किसी भी कार्य को क्रियान्वित करने का अधिकार नहीं होता है. नीतियां निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा ही बनाई जाती है. सरकारी तंत्र का काम तो केवल क्रियान्वित करना है. चुनाव में हार जीत के लिए जैसे ईवीएम को दोषी ठहराया जाता है उसी तरीके से अफसरों को भी दोषी मान लिया जाता है.

चक्की और मिक्सर की बात घुमा फिरा कर यही संदेश दे रही है कि राजनेता तो पीसने वाले हैं. पिसना तो जनता को ही पड़ता है. चक्की है तो थोड़ा धीरे-धीरे पीसेगी और मिक्सर जल्दी पीसेगा. लोकतंत्र के इस दौर में किसी को भी पीसने की भाषा क्या लोकतांत्रिक भाषा है? कहावत और लोकोक्तियां भी ऐसी कही जाना चाहिए जो कम से कम लोकतंत्र का संदेश दें. लोकलुभावन वायदे से सत्ता के सपने पूरे किए जा सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने का सपना इससे कभी पूरा नहीं हो सकता.

एमपी की राजनीति में बुढ़ापा और जवानी भी चुनाव का मुद्दा बनी हुई है. बीजेपी कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को बुजुर्ग और वृद्ध बताने में लगी हुई है तो कमलनाथ यह कहने से पीछे नहीं है कि वे तो अभी जवान हैं. यह अलग बात है कि सार्वजनिक समारोह में असलियत दिख ही जाती है. आजकल तो राजनीति में ऐसे राजनेता भी कुर्सी से चिपके रहना चाहते हैं जिनको अगर साथ चल रहा सुरक्षाकर्मी सहारा नहीं दे तो कही भी गिर सकते हैं. राजनीति में बूढ़ी जवानी का दावा और दंभ देखने के लिए डगमगाते पैर ही काफी होते हैं।

चुनाव तो हर पांच साल में आएंगे. नेता भी आएंगे और जाएंगे. लोकतंत्र जरूर कायम रहेगा. ना जवानी रही है ना बुढ़ापा रहेगा. चक्की और मिक्सर में पीसने का दम्भ तो चकनाचूर हो जाता है. प्रकृति की चक्की हर चीज के साथ बिना भेदभाव के न्याय करती है. शुद्ध अंत:करण से शपथ लेकर शासन की बागडोर संभालने का सपना देखने वाले राजनेता कम से कम धमकाने और पीसने का कोई खौफ न दिखाएँ तो राज्य के लिए भी बेहतर होगा और राजनेता के लिए भी बेहतर होगा।

# निरोगी काया, शांत चित्त और दीर्घायु: योगासन



**रामसेवक चौहान**

आकाश, पाताल और पृथ्वी के उदय के साथ ही इनमें बसने के लिए मनुष्य, पशु-पक्षी, नभचर, जलचर और अन्य प्राणियों की संरचना भगवान ने की है ऐसा हम सब मानते हैं। फिर इन्हें जिन्दा रहने के लिए पानी, वायु भोजन, फल और खाने योग्य पदार्थों की रचना इन्हें जीवित रहने की गई है, इसके साथ प्राकृतिक ने अपना कठोर नियम बनाये। मनुष्य, पशु और पक्षियों ने अपने को जीवित रखने के लिए रहन-सहन और भोजन व्यवस्था के तरीके बनाए। दुनिया के विकास के साथ-साथ जीवों ने दीर्घायु के लिये कई उपाय किये। इनमें वर्तमान में दुनिया के 200 से अधिक देशों में भारत की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक पहचान कई सदियों, पुरातन और सहस्त्र वर्षों से चली आ रही है। आदि-अनंनत काल से साधु-संतों, महात्माओं, ऋषि-मुनियों और तपस्वियों द्वारा धार्मिक ग्रन्थों, वेद-पुराण और निषेधों को लिखा गया है। आज आधुनिक युग में भोग-विलास के संसाधनों का भरपूर उपयोग से मानव शरीर के क्रियाओं में एक ठहराव सा आ गया है क्योंकि धीरे-धीरे हमारा शरीर इन चीजों का आदि बन गया है। इसका परिणाम कम आयु में ही गंभीर बीमारियाँ और असामयिक मृत्यु के रुप में आने लगा है। जहाँ भारत वर्ष में लोग शतायु से अधिक वर्षों से तक जीवित रहते थे वहाँ आयु का प्रतिशत कम हो गया। धीरे-धीरे विश्व के समस्त देशों में यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। लम्बी आयु तक जीवित रहने के लिए तपस्वियों और योगियों द्वारा बताए गए योग क्रियाओं और योगासन के उपाय विश्व के अधिकांश समुदाय अब अपनाने लगे हैं।

**योग का इतिहास-** हमारे धार्मिक ग्रन्थों में उल्लेख है कि तपस्वी जंगलों में रहकर तप करके हजारों साल जीवित रेहने की कला जानते थे। ध्यानामुद्रा, एक पैर से खड़े रहकर, कांटों पर लेटकर आदि कई तरीकों से ईश्वर की तपस्या में वर्षों लीन रहते। योगियों द्वारा बिना भोजन और निवृत्त हुए एक ही मुद्रा में वर्षों तप करने की क्रिया को हमारे वेदों में योग क्रिया उल्लेख किया है। योगासन के द्वारा शातायु होने का एक मूल मंत्र दुनिया के समक्ष प्रस्तुत कर योग गुरु की उपाधि पाई है। योग शब्द संस्कृत के युज धातु से बना है जिसका अर्थ है जुड़ना या मिलना या युक्त होना या एकजुट होना- जो मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। विचार और क्रिया, संयम एवं पूर्ति, मानव तथा प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण स्थापित करना है। प्राचीन ग्रन्थों में योग के अनेक प्रकार एवं भगवान श्री कृष्ण ने योग के तीन रूप ज्ञान योग, कर्म योग और भक्ति योग बताए हैं। इसी प्रकार योग प्रदीप में योग के दस प्रकार राज योग, अष्टांग योग, हठ योग, लय योग, ध्यान योग, भक्ति योग, क्रिया योग, मंत्र योग, कर्म योग और ज्ञान योग बताए गए हैं। तपस्वियों और योगियों ने योग में योगिक क्रियाओं का समावेश कर निरोगी काया, शांत चित और ईश्वर की भक्ति में सहयोग प्रदान किया है।

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस की स्थापना-** योग दिवस को मनाने के लिए 21 जून सुनिश्चित किया गया है। 21 जून को योग दिवस के तौर पर मनाने की वजह है कि उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है। जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार, ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए असरदार है। इस कारण प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं।

योग गुरु भारत वर्ष ने विश्व के कोने-कोने में मानव जीवन की दीर्घायु के लिए योगासन को फेलाना का प्रण लिया। इसी तारतम्य में 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा मं अपने भाषण के दौरान भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व समुदाय के समक्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा। दिनांक 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट में 170 देशों द्वारा अप्रत्याशित रुप से इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया, जो रिकार्ड बहुमत से पारित हुआ और 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रुप में मनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'आयुष' नाम का एक अलग मंत्रालय बनाया जो इन मामलों को देख रहा है। स्कूलों में योग शिक्षा अनिवार्य रुप से लागू की गई है।

**21 जून 2023 योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम** - इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अगुआई न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रधानमंत्री मोदी करने जा रहे हैं। ये अपने आप में हमारे देश के लिए गर्व की बात है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ के सिद्धांत के साथ वन वर्ल्ड, वन हेल्थ रखी गई है। इस साल योग दिवस की इस थीम को केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा चुना गया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) का आगामी 9 वां संस्करण इस साल कई अनोखे कार्यक्रमों का साक्षी बनेगा। इस वर्ष के आईडीवाई का मुख्य आकर्षण यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में उसी स्थान पर सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे, जहां से 9 साल पहले प्रधानमंत्री ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव दिया था। भारत में इस वर्ष आईडीवाई का मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2023 को मध्यप्रदेश के जबलपुर में होगा। भारत के उपराष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रीगण, मध्यप्रदेश के मंत्री गण एवं सांसद आदि की उपस्थिति में सामूहिक योग प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

वसुधैव कुटुम्बकम प्राचीन काल से ही भारतीय विरासत के लिए मार्गदर्शन कराने वाला प्रकाश रहा है इस साल मार्च में आयुष मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए 100 दिनों के काउंटडाउन अभियान ने शहरों में योग को लेकर इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस %ओशन रिंग ऑफ योगा% जैसे कई अद्वितीय कार्यक्रमों का साक्षी बनेगा। जहां भारतीय नौसेना के जहाजों को दुनिया भर के 9 बंदरगाहों पर तैनात किया जाएगा और कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के प्रदर्शन में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बंदरगाहों, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय भी उन देशों में सीवाईपी प्रदर्शन आयोजित करेगा जिनके साथ उन्होंने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। आईडीवाई के 9 वें संस्करण की एक और विशेषता है %आर्कटिक से अंटार्कटिका तक योग% जिसमें विदेश मंत्रालय संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के अलावा प्राइम मेरिडियन लाइन में आने वाले देशों में सीवाईपी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयुष मंत्रालय के साथ समन्वय कर रहे है। उत्तरी ध्रुव और दक्षिण ध्रुव क्षेत्रों पर हिमाद्री, स्वालबार्ड, आर्कटिक में भारतीय अनुसंधान केंद्र और भारतीय-अंटार्कटिका भारतीय अनुसंधान केंद्र में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के समन्वय में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

%योग भारतमाला% भी विशेष आकर्षणों में से एक है जिसमें भारतीय थल सेना, जल सेना और वायुसेना आईटीबीपी, बीएसएफ के साथ, बीआरओ यूनिसन में योग प्रदर्शन की श्रृंखला बनाएगी। %योग सागरमाला% भारतीय तट रेखा के पर योगाभ्यास का साक्षी बनेगा। आईएनएस विक्रांत की फ्लाइट डैक पर भी योगाभ्यास किया जाएगा। देशभर के रेलवे नेटवर्क, एयर पोर्ट, पेट्रोल पंप आदि पर आईडीवाई 2023 से संबधित सूचनाओं का प्रसारण किया जाएगा। इस साल राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर गांव-गांव में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और ÷हर आंगन योग÷ के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस सबंध में सभी ग्राम प्रधानों को एक पत्र लिखा है जिसमें अपने निकटतम आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों व स्कूलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का निरीक्षण करने के लिए अपील करता है। इसके अलावा लगभग 2 लाख आम सेवा केंद्र, राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, आयुष ग्रामों व अमृत सरोवरों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक स्तर मनाया जाएगा और अधिक से अधिक जनभागीदारी को सुनिश्चित किया जाएग। आयुष मंत्रालय, भारतीय सांस्कृतिक संबंधों (आईसीसीआर) के लिए सहयोग में और विदेश मामलों के मंत्रालय ने माय गॉव मंच पर एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता ÷योग माई प्राइड÷ की मेजबानी कर रहा है। इसके तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी तस्वीर के लिए एक कैप्शन एपीटी के साथ योगसान÷ करने की एक तस्वीर अपलोड की जा सकती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## 2.5 लाख की स्मैक सहित 2 गिरफ्तार

शिवपुरी - पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराब की धरपकड़ हेतु अभियान के तहत अति0 पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2.5लाख कीमत का स्मैक पाउडर जप्त कर दो व्यक्तियों को धर दबोचा। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गल्ला मंडी के पीछे अवैध मादक पदार्थ स्मैक की बिक्री कर रहे हैं। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु फोर्स द्वारा मौके पर गल्ला मंडी के पीछे पहुचे तो मुखबिर द्वारा बताये हुलिया के दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे हमराह फोर्स की मदद से पकड़कर नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम विवेक यादव पुत्र पवन यादव उम्र 21 साल नि0 ग्राम कारोठा थाना करैरा जिला शिवपुरी तथा दूसरे व्यक्ति से नाम अवनीश यादव पुत्र ऊधम सिंह यादव उम्र 19 साल नि0 ग्राम कारोठा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 2,25,000 रुपये, एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा, एक बिना नम्बर की हीरो डीलेक्स मोटर सायकिल तथा नगदी 1150 रुपये कुल माल मशरूका 2,81,150 रुपये बरामद किये गये।

## शिकायतः मेडिकल कॉलेज में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी

शिवपुरी - मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कमलागंज की एक महिला ने शिकायती आवेदन सौंपा है। आवेदन में महिला ने शिकायत की है कि एक दलाल ने 3 लोगों की नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर दी है। महिला से पैसे ले गया और अब गायब हो गया है। कमलागंज पुल के पास निवास करने वाली मीना राठौर पति हरीचरण राठौर ने बताया कि वह कमलागंज में दुकान करती है उसकी दुकान पर मनपुरा के रहने वाला गुलशन प्रजापति आता था, उससे मेरी जान पहचान थी, वह बोला की मेरी मेडिकल कॉलेज में जुगाड़ है मैं नौकरी लगवा दूंगा। महिला ने बताया कि मेरे रिलेशन में लगने वाले प्रीति चंदेल और इंदर चंदेल की मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में नौकरी लगवाने की बात हुई इसके एवज में 60 हजार रुपए गुलशन प्रजापति ने मांगे और कहा की चपरासी और बाबू के पद पर नौकरी लग जाएगा। यह पैसे गुलशन को फोन पे के माध्यम से दिए, उसके बाद वह नौकरी के लिए टालता रहा।

## जगन्नाथ रथयात्रा का स्वागत कर खुशहाली की कामना की



रतलाम। रतलाम पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व समाजसेवी प्रकाश प्रभु राठौड़ मित्रमंडल द्वारा मंगलवार को शहर में निकली जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य स्वागत धानमंडी चौराहे पर किया गया। रथ में सवार भगवान श्रीजगन्नाथ का राठौड़ द्वारा सपत्नीक पूजन अर्चन कर शहर की खुशहाली की कामना की। रथयात्रा के स्वागत में उपस्थित श्रद्धालुओं को ठंडी रसना का वितरण किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष तेली घाणी बोर्ड मनोहरलाल राठौड़, राजेश प्रजापत (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष), अमरसिंह शेखावत (जिला बूथ प्रबंधक अध्यक्ष), गोपाल झालीवाली (राठौड़ समाज अध्यक्ष), कैलाश हेमादा (चारभुजा मंदिर अध्यक्ष), कमल राजोरा, जितेंद्र ठन्ना, अभिषेक कुंवर, आईटी सेल अध्यक्ष हिम्मत जेथवार, विजयसिंह चौहान, संजय राठौड़, प्रदीप राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## न्यायालय गौहरगंज में योग शिविर का आयोजन

ओबैदुल्लागंज संवाददाता.. उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर गौहरगंज में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में न्यायिक अधिकारी, अभिभाषकों व न्यायालयीन कर्मचारी के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में अजय अहाके द्वारा अनुलोम विलोम, शीर्ष आसन प्राणायाम, भ्रामरी, हलासन, उष्ट्रासन, शीर्षासन तथा सूर्य नमस्कार की क्रियाविधि का प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण शिविर में जिला न्यायाधीश गोहरगंज ओमप्रकाश रघुवंशी द्वारा उपस्थित अभिभाषकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग मन को शांत करता है, जब भी आपका मन विचलित हो योग का सहारा लें। नियमित योग करने से शरीर पुष्ट होता है और कई तरह की बीमारियां खत्म होती हैं।

# एलन मस्क की हुई पीएम मोदी से मुलाकात, भारत आएगी टेस्ला



न्यूयार्क। दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और पीएम मोदी की अमेरिका में मुलाकात हुई है। हम इस खबर में आपको बता रहे हैं कि दोनों के बीच हुई बैठक के बाद क्या टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारें भारत में उपलब्ध हो सकती हैं, या फिर अभी टेस्ला को और समय लग सकता है।

अमेरिका दौरे पर गए पीएम मोदी कई हस्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में पीएम मोदी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की भी मुलाकात हुई। पीएम मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट पर दोनों की मुलाकात की फोटो भी शेयर की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेस्ला जल्द ही भारत में एंट्री कर सकती है। इसकी जानकारी एलन मस्क ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद दी है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि वह भारत में जितना जल्दी संभव हो सकेगा, उतना जल्दी निवेश करना चाहते हैं।

मस्क ने कहा, समर्थन के लिए पीएम को धन्यवाद उन्होंने पत्रकारों की ओर से पूछे जाने के बाद कहा कि मुझे भरोसा है कि टेस्ला भारत में होगी और यह जल्दी ही मानवीय रूप से संभव हो सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह पीएम मोदी को समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं और उम्मीद है कि हम भविष्य में कुछ घोषणा करने में सक्षम होंगे। साथ ही मस्क ने बताया है कि वह अगले साल भारत दौरे पर आ सकते हैं। पीएम मोदी से अमेरिका में मुलाकात से पहले भी एलन मस्क भारत आने की बात कह चुके हैं। इससे पहले मस्क ने कहा था कि कंपनी जल्द भारतीय बाजार में एंट्री कर सकती है। इंटरव्यू के दौरान जब मस्क से पूछा गया कि क्या टेस्ला भारत में नई फैक्ट्री के लिए इच्छुक है तो मस्क ने इसका जवाब जरूर में दिया।

# नंदन नीलेकनि ने आईआईटी बॉम्बे को दिया 315 करोड़ रुपये का दान




इंफोसिस के को-फाउंडर व चेयरमैन और संस्थापक अध्यक्ष नंदन नीलेकणि ने अपने मातृ संस्था भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी बॉम्बे) को 315 करोड़ रुपये दान किया है। इसके पहले भी वो आईआईटी बॉम्बे को 85 करोड़ रुपये दान कर चुके हैं। दोनों डोनेशन को जोड़ दें तो आईआईटी बॉम्बे को दान की गई राशि 400 करोड़ रुपये होती है। ये देश के किसी भी संस्थान को उसके किसी पूर्व छात्र द्वारा दिया गया सबसे बड़ा डोनेशन है।

## राष्ट्रव्यापी रोजगार आंदोलन युवा हल्लाबोल की मप्र इकाई का हुआ पुनर्गठन

छतरपुर। पढ़ाई कमाई दवाई को लेकर संघर्ष कर रहे देश के सबसे बड़े युवा आंदोलन ने अपने मध्यप्रदेश इकाई का पुनर्गठन किया है। %युवा हल्ला बोल% के संस्थापक और राष्टीय अध्यक्ष अनुपम ने युवा नेता अरुणोदय परमार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं दीप करण सिंह को प्रदेश महासचिव (संगठन) और नवोदित कवि एवम सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार को प्रदेश महासचिव (अभियान) की जिम्मेदारी मिली है।

ज्ञात हो कि युवाओं के मुद्दे पर देशव्यापी आंदोलन चलाने वाला संगठन %युवा हल्ला बोल% पिछले पांच वर्षों से रोजगार के मुद्दों को राष्टीय पटल पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है। %समयबद्ध और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया% सुनिश्चित करने के लिए %युवा हल्ला बोल% ने साल 2019 में %मॉडल इलेक्शन कोड% की तर्ज पर %मॉडल एग्जाम कोड% बनाया जो युवाओं के बीच काफी चर्चा में रहा। लोकप्रिय युवा नेता अनुपम के नेतृत्व में अग्निपथ आंदोलन और रेलवे एनटीपीसी प्रदर्शन सहित पिछले पांच सालों में हुए कई देशव्यापी युवा प्रतिरोधों को दिशा देता रहा है।

एसएससी आंदोलन से जन्मा युवाओं का यह समूह देश में एक राजनीतिक ताकत बन कर उभरा है। किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होने के कारण यह बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में बेरोजगारी के मसले पर वास्तविक विपक्ष की भूमिका निभा रहा है। बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में संपन्न अपने चार दिवसीय शिविर में आंदोलन ने समाधान का खाका तैयार किया जिसे %भारत रोजगार संहिता% यानी भ-रो-सा कहा गया। इसके तहत मुख्यतः चार मांगे हैं जिसके इर्द गिर्द देशव्यापी आंदोलन की तैयारी जोरों पर है।

## दबंगों द्वारा सरपंच सचिव से विकास कार्यों में 50फीसदी राशि की मांग करने एवं नही देने पर निर्माण कार्यों में कर रहे बाधा उत्पन्न

### सरपंच सहित ग्रामीण लोगो ने कलेक्टर एवं एसपी को सोपा शिकायती पत्र दबंगई पर की कारवाई की मांग

दमोह जिले की जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत निमरमुंडा मे ग्रामीण क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को गांव के ही लोगों द्वारा कार्य ना करने देने से सरपंच एवं ग्रामीण काफी परेशान हैं। इस दौरान में जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत निमरमुंडा के सरपंच एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर गांव के ही दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है।

शिकायत करता शंकर गौतम सरपंच ने बताया की ग्राम पंचायत निमरमुड़ा में विकास के कार्य किए जा रहे हैं लेकिन इन कार्यों में गांव के ही दबंग प्रद्युम्न मिश्रा ,अजय मिश्रा एवं अविनाश मिश्रा द्वारा लगातार ही बाधा उत्पन्न की जा रही है तथा इनके द्वारा विकास कार्यों में 50त्न की राशि की मांग की जा रही है और राशि ना देने पर विकास कार्यों में समझौता ना किए जाने पर इनके द्वारा लगातार ही झूठी शिकायतें कर विकास कार्यों में अवरोध पैदा किया जा रहा है। वही ग्राम वासियों के हित में किए जाने वाले कार्यों में इनके द्वारा लगातार ही बाधा उत्पन्न की जा रही है। निर्माण कार्यों के स्थान पर जाकर मजदूरों से गाली गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया जाता है। जिस कारण से मजदूर भी काम करने से घबरा रहे हैं। इनके द्वारा पूर्व में भी सरपंच एवं ग्रामीणों के साथ गाली गलौज एवं अवध व्यवहार किया गया था। इस बात की शिकायत ही पुलिस थाना पटेरा में की गई थी लेकिन इसके बाद भी इनके हौसले काफी बुलंद हैं और इनके द्वारा लगातार ही दबाव बनाने झूठी शिकायतें की जा रही हैं। इन्हीं सब बातों को लेकर



सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर मयंक अग्रवाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर राज लल्लन बागरी तथा पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह को सौप कर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान निमरमुंडा सरपंच शंकर गौतम ,जनपद पंचायत पटेरा सरपंच संघ की उपाध्यक्ष रश्मि यादव ने ग्रामीणों के साथ पहुंचकर दबंगई पर कार्रवाई की मांग ।

# मटौंधाबेसन में राम दरवार के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूर्ण

छतरपुर। महाराजपुर तहसील के ग्राम मटौंधाबेसन में भगवान श्रीराम के दरवार की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। आज बुधवार को ग्राम में विशाल कलश यात्रा निकालकर इस धार्मिक अनुष्ठान का आगाज होगा।




यह जानकारी देते हुये कार्यक्रम के संयोजक रामबाबू सिंह परिहार ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां लगभग एक माह से चल रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये गांव का बच्चा-बच्चा पूरी निष्ठा एवं लगन से काम कर रहा है। आज बुधवार की शाम 4 बजे से ग्राम के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हनुमान मंदिर से विशाल कलश यात्रा गांव के भ्रमण के लिये निकलेगी। इस कलश यात्रा में ग्राम की सभी महिलायें अपने सिर पर कलश रखकर शामिल होगीं। विद्वान आचार्यों की देखरेख में हो रहे इस महायज्ञ को सफल बनाने की अपील श्री परिहार ने सभी ग्रामवासियों से की है।

### आज से होगें प्रवचन

श्री परिहार ने बताया कि भगवान श्रीराम के दरवार की प्राण प्रतिष्ठा के इस कार्यक्रम में प्रतिदिन श्री राम की कथाओं का भी विद्वान कथाकारों द्वारा वाचन किया जायेगा साथ ही रात में बाहर से आई रामलीला के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम की लीलाओं का सुंदर मंचन किया जायेगा। श्री परिहार ने क्षेत्रवासियों से भी इस धार्मिक कार्यक्रम में सहभागी होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## अपात्रों को आवास का लाभ दिलाने वाले वाले रोजगार सहायक की कलेक्टर ने की सेवा समाप्त

खरगोनं । कलेक्टर श्री शिवराज सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण और जनसुनवाई में पीएम आवास के लिए प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते रहे है। ऐसे मामलें सामने आने के बाद उनके द्वारा ग्रामीण विकास विभाग की बैठकों और टीएल बैठक में भी निरंतर नगरीय निकायों और जनपद सीईओ को भी पीएम आवास में गड़बड़ी के संदेह पर सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में भीकनगांव जनपद सीईओ द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री वर्मा ने मछ्लगांव के रोजगार सहायक की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए है। ज्ञात हो कि रोजगार सहायक महेश यादव ने पीएम आवास योजना के पूर्व से बने पक्के आवास होने के बावूजद दो हितग्राहियों को आवास प्लस की सूची में नाम दर्ज कर 1.20-1.20 लाख रूपये की राशि जारी कर वित्तीय अनियमितता की गई। भीकनगांव जनपद सीईओ के जांच प्रतिवेदन के अनुसार रोजगार सहायक श्री यादव ने एक ही हितग्राही को आवास का दो बार जीयोटेग कर दिनेश पिता बाउ एवं तुलसीराम पिता बाउ आवास के दोनो अपात्र हितग्राही एवं परिवार के रिश्तेदारों को राशि जारी करने की वित्तीय अनियमितता पायी गई है। प्रतिवेदन में बताया है कि रोजगार सहायक द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर स्वरूप की लापरवाही बरती गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कण्डिका 15 (2) में निहित प्रावधानों के तहत मछ्लगांव के रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त की है।

# नूरनगर : भाजपा का उदयपुरा विधानसभा स्तरीय 7 मोर्चों का संयुक्त सम्मेलन संपन्न

### हमारा श्रृंगार है भारतीय जनता पार्टी : सांसद राव उदयप्रताप सिंह

बरेली। भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत उदयपुरा विधानसभा के ग्राम नूरनगर में उदयपुरा का विधानसभा स्तरीय पार्टी के संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन संपन्न हुआ सम्मेलन में पार्टी के सभी 7 मोर्चों के कार्यकर्ता शामिल हुए सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सभी मंडल अध्यक्षों ने अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया जिसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायसेन जिले के संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि सभी मोर्चे के कार्यकर्ता सक्रिय रहे हम चुनाव के नजदीक हैं संगठन सरकार के द्वारा ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जो लोगों के जीवन को बदलने के साथ देश को आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ा रही हैं प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ स्तर पर पहुंचकर संगठन को मजबूत करें जिसके बाद मुख्य अतिथि सांसद राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि वास्तव में विकास क्या होता है,



देश के लोगों नें यह पिछले 9 वर्षो में ही देखा है कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि अच्छा खासा नौजवान विदेशों में भटक रहा है। लाड़ली बहिना योजना से कोई भी महिला मध्यप्रदेश की इस योजना से अछूती नहीं रहेगी सभी के खातों में जल्द से जल्द राशि पहुंचा दी जाएगी मध्यप्रदेश की प्रत्येक बहन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहन है सभी को 1 हजार प्रतिमाह दिया जाएगा वही है राशि बढ़कर 3 हजार हो जाएगी । भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि 9 साल में पीएम मोदी ने विकास की योजनाओं से हर घर को लाभ पहुंचाया है. हमें 20 से 30 जून तक घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताना है हर बूथ पर नमो एप से मोदी जी को सुनना है वही भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा आप सभी को एक टोल फ्री नंबर 9090902024 पर मिस कॉल करना है वही बताया कि इस नंबर का अर्थ यह है कि 9 साल 9 माह 90 दिन और अब आगे कमीशन 2024 है जो भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाना है पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत एवं सांसद राव उदय प्रताप सिंह के द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया वही कहा कि 2024 का लक्ष्य सभी को पूर्ण करना है और घर घर जाकर कार्यकर्ताओं से एवं मतदाताओं से वार्तालाप कर पार्टी को मजबूती प्रदान करना है पूर्व विधायक रामकिशन पटेल ने कहा कि मोदी ही एक मात्र ऐसे नेता है जो भारत के गरीब व वंचित जनता की पीड़ा को परिवार के सदस्य की तरह महसूस करते हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)
निविदा आमंत्रण घोषणा - पत्र

क्रं....../ यां.वि. / 2023 भोपाल, दिनांक...../06/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_269415_3 | Const of Asphal Ting Road From 102 B To Main Gate Alkpuri WARD 57, ZONE 14 Third CALL | 721036/- | 7210/- | 2000/- | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M.(time) 21.06.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 27.06.2023 (date). 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper. 4. For special condition pleas read carefully section 3 condition of contract part-II special condition of contract (SCC).The initial period of 05(FIVE) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

नि. क्रं. 524/023/024

Executive Engineer
MUNICIPALCORPORATION BHOPAL District BHOPAL

## अमृत सरोवर 2.0 योजना से हो फुटेरा तालाब का उद्धार



दमोह। प्रातः फुटेरा तालाब संरक्षण समिति एवं रैकवार मांझी समाज द्वारा केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल को फुटेरा तालाब से अतिक्रमण मुक्त कराने, पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में तालाब को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पंजीकृत कराने और केंद्र सरकार की जल स्त्रोत संरक्षण को लेकर बनाई गई अमृत सरोवर 2.0 योजना का लाभ दिलाने के लिए, आभार स्वरूप एक मोमेंट भेंट करके अपना धन्यवाद प्रस्तुत किया।

सुबह से फुटेरा तालाब संरक्षण समिति एवं रैकवार मांझी समाज के युवा बड़ी संख्या में फुटेरा तालाब किनारे एकत्रित हुए और सफाई अभियान प्रारंभ किया। इसी सफाई अभियान को देखने केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल स्वयं फुटेरा तालाब पहुंचे। जहां उन्होंने फुटेरा तालाब की सफाई को देखकर और तालाब किनारे बनाए गए गार्डन को देखकर प्रसन्नता जाहिर की।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक ... ज.सं./भोविप्रा./ 22 भोपाल, दिनांक 21/06/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन-2, योजना स्थित भूखण्ड क्रं. 66, श्री सुभाष वाधवानी, श्रीमती गीता वाधवानी पत्नी श्री पी.के. वाधवानी, श्री मोतीराम वाधवानी आ. स्व. श्री कुन्दनदास एवं श्री रवि कुमार वाधवानी के संयुक्त नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटियों में से श्री मोतीराम वाधवानी का स्वर्गवास दिनांक 06.03.2023 को हो जाने के कारण स्व.श्री मोतीराम वाधवानी द्वारा की गई वसीयत दिनांक 30.01.2023 उनके हिस्से (भू-भाग) की सम्पत्ति श्री रवि कुमार वाधवानी, श्री सुभाष वाधवानी उर्फ दीपू वाधवानी आ. श्री मोतीराम वाधवानी एवं श्रीमती मधुर रामख्यानी उर्फ लक्ष्मी पत्नी श्री दीपक उर्फ सोनू रामख्यानी पुत्री श्री मोतीराम वाधवानी को दिये जाने का उल्लेख किया गया है। श्रीमती मधुर रामख्यानी उर्फ लक्ष्मी पत्नी श्री दीपक उर्फ सोनू रामख्यानी पुत्री श्री मोतीराम वाधवानी, श्री सुभाष वाधवानी आ.स्व. श्री मोतीराम वाधवानी एवं श्री रवि वाधवानी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्ट्रर्ड वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड पर निर्मित संपत्ति का नामांतरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण निम्नानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद हर्रई जिला छिन्दवाड़ा**

Telephone:07168,220128; E-mail:cmoharaai@mpurban.gov.in

क्रमांक-1071/PWD/NP/2023 हर्रई, दिनांक 16.06.2023

चतुर्थ निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_284903_1 17-06-2023, | Extension Work Rawra Khurd Colony, Harrai | 1 माह, 282962/- | 2000/- 2900/- | 03.07.2023 |
| 2023_UAD_284904_1 17-06-2023, | Extension Work ITI Colony Ward No 01, Harrai | 1 माह, 243404/- | 2000/- 2500/- | 03.07.2023 |
| 2023_UAD_284905_1 17-06-2023, | Extension Work Pole At Harrai | 1 माह, 161111/- | 1000/- 3300/- | 03.07.2023 |
| 2023_UAD_284906_1 17-06-2023, | 25 KVA Work At Kachra Plant At Harrai | 1 माह, 449619/- | 2000/- 4500/- | 03.07.2023 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद हर्रई


जीवेत् शरद: शतम्
छिंदवाड़ा के युवा एवं उर्जावान सांसद
मा. नकुलनाथ जी
के जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
शुभकामनायें
बलदेव मिगलानी
HOTEL DEV INTERNATIONAL
SUNIL BAJAJ
Sunil Automotives
रानी कोठी


जीवेत् शरद: शतम्
छिंदवाड़ा के सांसद
मा. नकुलनाथ जी
के जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
शुभकामनायें
संजय सीताराम डेहरिया
पार्षद, नगरपरिषद हर्रई
समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता हर्रई जिला छिंदवाड़ा


जीवेत् शरद: शतम्
जिले के युवा, संवेदनशील
जुझारू सांसद
मा. श्री नकुलनाथ जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. श्री नकुलनाथ जी
सांसद छिंदवाड़ा
विधायक राजा
कमलेशप्रताप शाह
हर्रई जागीरदार
अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र जिला छिंदवाड़ा


जीवेत् शरद: शतम्
छिंदवाड़ा के युवा एवं उर्जावान सांसद
मा. नकुलनाथ जी
के जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
आशीष इलेक्ट्रानिक्स हब
इतवारी बाजार छिंदवाड़ा
शुभम इलेक्ट्रानिक्स
नागपुर रोड छिंदवाड़ा
तनिष्क (पाटोदी ज्वलेर्स)
नागपुर रोड छिंदवाड़ा
पाटोदी एम.जी
नागपुर रोड छिंदवाड़ा
जे.पी. लॉन एण्ड होटल
नागपुर रोड छिंदवाड़ा
ईश्वरलाल सूरजमल पाटोदी
पदम काम्पलेक्स, सिवनी रोड, छिंदवाड़ा
समस्त
पाटोदी परिवार
महेन्द्र वस्त्र भंडार
पदम काम्पलेक्स, सिवनी रोड, छिंदवाड़ा


पंजी. नं. 18648/08
मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ
छिन्दवाड़ा
आदरणीय पं. विनोद तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष जी को
जन्मदिन की मंगलमय शुभकामनाए...
पं. विनम्र तिवारी
पं. निर्भय तिवारी
पं. अभिषेक तिवारी
पं. विनोद तिवारी
प्रदेश उपाध्यक्ष
सौजन्य से- म.प्र. संत पुजारी संघ एवं समस्त मित्रमंडली की ओर से जन्मदिन कि हार्दिक शुभकामनाएं...


जीवेत् शरद: शतम्
छिंदवाड़ा के
उर्जावान सांसद
मा. नकुलनाथ जी
के जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
शुभकामनायें
विनय भारती, युवा इंका नेता हर्रई जिला छिंदवाड़ा


कांग्रेस को मध्यप्रदेश में लाना है
आदरणीय कमलनाथ जी
को मुख्यमंत्री बनाना है...
हम सब युवाओं के चहेते लोकप्रिय सांसद
श्री नकुलनाथ जी
के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
मा. दीपक सक्सेना जी
पूर्व मंत्री, मप्र शासन
मा. गंगा प्रसाद तिवारी जी
उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. विश्वनाथ ओक्टे जी
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस
श्रीमती किरण चौधरी
अध्यक्ष, जिला महिला कांग्रेस
मा. अमित सक्सेना जी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत
मा. पंकज शुक्ला जी
अध्यक्ष, शहर कांग्रेस
श्री विक्रम अहके जी
महापौर, नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा
श्री धर्मेंद्र सोनू मागो जी
अध्यक्ष, नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा
शुभेच्छु: धर्मेंद्र सोनू मागो, अध्यक्ष नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा

## खुदाई में मिली लगभग 100 वर्ष प्राचीन देवी प्रतिमा



अमरवाड़ा । मंगलवार को सिविल लाइन पार्क के सामने स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में स्थित भगवान हनुमान जी के मंदिर का भी जीर्णोद्धार करने की शुरुआत हुई इस तारतम्य में जब उनके बगल में स्थित देवी जी की प्रतिमा को खोदकर निकाला गया अद्भुत अप्रतिम प्रतिमा का दर्शन हुआ जब पूर्ण प्रतिमा बाहर आई,। इसकी जानकारी शिव दुर्गा उत्सव मंदिर समिति के संरक्षक यग्नेश शर्मा सचिव मनोज श्रीवास्तव ने दी वही समिति के जानकारों के मुताबिक लगभग 100 वर्ष प्राचीन यह मूर्ति है उसका यह चित्र है, अमरवाड़ा नगर के लिए यह एक अलौकिक भेंट ईश्वर की तरफ से ऐसा लगता है देवी प्रतिमा के रूप में सिविल लाइन दुर्गा मंदिर में इस अद्भुत अप्रतिम प्रतिमा को ईश्वरी शौर्य शान भेंट करके प्रदत्त की है। जय माता दी।

## मारपीट एवं दहेज प्रताड़ना का बनाया मामला

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के ग्राम पटानिया की रहने वाली सुनीता गुनहेरे को लगातार पति राजेश ससुर गुन्नू के द्वारा लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा महिला के द्वारा एवं उसके द्वारा ससुराल पक्ष को समझाने के बाद भी उनकी आदतों में कोई सुधार नहीं आने पर महिला सुनीता द्वारा राजेश पिता गुन्नू गुनहरे और ससुर गुन्नू पिता दुर्जन गुहेरी के विरुद्ध भादवि की धारा 294 323 34 एवं 498ड्डु में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

## बैंक में केवाईसी कराने आई नवयुवती हुई लापता

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर की रहने वाली नव युवती अमरवाड़ा बैंक में केवाईसी कराने के काम से जा रही हूं कहकर घर से आई थी लेकिन 4 दिन पश्चात भी उसका कोई अता-पता नहीं चला जिससे बाध्य होकर उसके परिजनों ने थाने में युवती के लापता होने की शिकायत पर पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया।

## परिवहन जाँच दल ने 4 वाहनों से लिया 3000 जुर्माना शमन शुल्क




**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा आज अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में परिवहन जाँच दल द्वारा नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर पहुंचकर सभी बसों की बारीकी से जाँच की गईं जिसमें कुछ यात्री बसों में खामियां पाये जाने पर संबंधित बस संचालकों पर जुर्माना की कार्यवाही की गईं। शहर के विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों के संचालकों द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों मे बैठाये जाने सहित वाहनों में किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही शिकायतों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए परिवहन जाँच दल द्वारा शहर के नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर सवारी बसों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई जो आने वाले समय में भी निरंतर जारी रहेगी एवं जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जायेगी तो ऐसे वाहनों को यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जायेगा। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तेहनगुरिया ने बताया कि जिन वाहनों में मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन पाया गया उन वाहन संचालकों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुए 4 वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुये 3 हजार रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही अन्य बस संचालकों को समझाईश दी गई कि अगर जिस बस संचालक की भविष्य में इस तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो परिवहन अधिकारी द्वारा ऐसी बसों का परमिट निरस्त करते हुए उन बसों की जप्ती की कार्यवाही भी की जायेगी।

## रमपुरी विजेता और उपविजेता ईको विकास समिति हलाल टीम रहीं

### 2 दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**बिछुआ।** वन परिक्षेत्र कुंभपानी (बफर जोन) अंतर्गत ईको विकास समिति में दो दिवसीय स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमें परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाली 27 ईको विकास समितियों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें ईको विकास समिति रमपुरी टीम विजेता एवं ईको विकास समिति हलाल कला टीम उपविजेता रही हैं। वॉलीबाल प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में विनोद मर्सकोले, दया उईके, प्रकाश डेहरिया, अरविंद पटेल, चन्द्रमान नागरे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बॉलीबॉल प्रतियोगिता में बी. पी. तिवारी, उप वन संरक्षक (छिंदवाड़ा क्षेत्र) पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी, मार्तण्ड सिंह मरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंभपानी, बखतलाल वर्मा वनपाल, शत्रुधन मरकाम वनपाल, राजेश कुमार इनवाती वनपाल, वनरक्षक मनोज धुर्वे, लाकेश बोबड़े, भारत वंशकार, कन्हैयालाल धुर्वे, रंजीत सिंह रघुवंशी, संजय नामदेव, अमित धुर्वे, रोशन तेकाम, मुकेश उईके एवं ईको विकास समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सरपंच, जनपद सदस्य, सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र जी नगर में भक्तजनों को दर्शनार्थ हेतु रथ में सवार होकर निकले

## 25वे वर्ष में सफलतम जगन्नाथ रथयात्रा निकाली



**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र जी नगर भ्रमण के लिए विशेष नंदीघोष रथ में विराजित हो कर नगर में प्रजा भक्तजनों को दर्शनार्थ हेतु रथ में सवार हो कर निकले। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मंगलवार को शहर में निकाली गई। जिसमें यात्रा दोपहर 2 बजे छोटा बाजार स्थित जगन्नाथ आराधना स्थली से शुरू हुई। भक्तों का उत्साह देखते नहीं बन रहा था। महाप्रभु की लीला प्राकृतिक भी दोप छाव की लालिमा छाह रही थी। भक्तों के जय घोष शंख , वाघयंत्रों , मंत्रोच्चारण , डी जे के उद्घोघोष से यह यात्रा पुराना पावर हाउस से बड़ी माता मंदिर मेन रोड लक्ष्मी साइकिल छापाखाना चौक बुधवारी बाजार मुख्य डाकघर होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची। मार्ग में सभी भक्तों ने महाप्रभु का स्वागत सत्कार किया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर में दोपहर 4.30 बजे से शाम 6 बजे तक भक्तो ने दर्शन किया। इस बीच यहां मध्यान भूख सेवा धूप आरती आदि संपन्न हुआ। शाम 6 बजे से विशेष वाहन में भगवान वर्धमान सिटी में रात्रि 8 बजे महाआरती के साथ उन्हें छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। साथ ही समस्त भक्तजनों को महाप्रभु का महाभोग प्रसाद स्वरूप में वितरण किया गया। जगन्नाथ रथयात्रा को ले कर विजय आनंद दुबे जी ने सफलतम रथयात्रा के 25 वे वर्ष में सादर साधुवाद धन्यवाद किया। साथी ही समस्त जिले वासियों को शुभकामनाएं दी आप समस्त भक्तों के ऊपर आशीर्वाद बनाए रखें।

# अवैध उत्खनन रोकने गई खनिज टीम पर हमला



**छिंदवाड़ा।** जिले में अबैध गतिविधियों का संचालन जोरों पर है साथ ही माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलंद है की अब वे सरकारी मुलाजिमो पर भी हमला करने से बाज नही आ रहे है! खासकर खनिज माफियाओं का तो अपनी अलग सल्तनत है , और हो भी क्यों ना! क्योंकि इस सोने की खान के धंधे में अधिकारीयों से लेकर राजनेताओं का परोक्ष संरक्षण है !अगर गाहे-बगाहे कोई प्रकरण सामने आता है तो तथाकथित पत्रकारों के माध्यम से मामले पर मिट्टी डाल दी जाती है ! इस तरह जिले में खनिज के इस गोरख धंधे में सामूहिक लूट मची हुई है ! प्रगतिशील और बुद्धिजीबियों का तो यहाँ तक कहना है की माफियाओं ने जिले के पूरे तंत्र को बधिया कर दिया है ,इसमें राजनेताओं की हिस्सेदारी कुछ ज्यादा है छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखंड अंतर्गत भूतेरा गांव में अवैध उत्खनन रोकने गई खनिज विभाग की संयुक्त टीम पर अवैध उत्खनन करने वाले ठेकेदारो ने जानलेवा हमला कर दिया।और सरकारी वाहनों में भी लाठी डंडे और पत्थर से भारी तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि भूतेरा गांव में अवैध रेत मुरम उत्खनन की शिकायत मिलने के बाद खनिज विभाग की संयुक्त टीम के तीन स्पेक्टर महेश, विवेकानंद यादव और स्नेहलता ठवरे मौके पर पहुंचे थे? इस दौरान संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंच कर दबिश दी और पंचनामा तैयार किया। इसके बाद दर्जन भर से ज्यादा उत्खनन करने वाले हमलावर मौके पर पहुंच गए और खनिज विभाग की संयुक्त टीम पर जानलेवा हमला कर दिया साथ ही सरकारी वाहन में भी तोड़फोड़ की।हालांकि खनिज विभाग की टीम ने उक्त संपूर्ण घटनाक्रम की शिकायत चौरई थाने में की है शिकायत मिलने के बाद तुरंत ही चौरई पुलिस ने नामजद बंटी शर्मा सहित अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर उक्त मामले को विवेचना में लिया है।

माइनिंग इंस्पेक्टर स्नेहलता ठवरे ने बताया कि सूचना पर वे भूतेरा गांव पहुंची थीं। जहां ग्वालियर के ठेकेदार के गुर्गे अवैध उत्खनन कर रहे थे। सरेआम पोकलैंड मशीन से पहाड़ी काटी जा रही थी। हमें देख ठेकेदार के सुपरवाइजर और गुर्गों ने लाठियों से हमला कर दिया, इस हमले में विभाग का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। हम लोग किसी तरह वाहन सहित वहां से निकले और अपनी जान बचाई। जिसके बाद चौरई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले वे पहुंची थीं और उसके बाद दो अन्य खनिज इंस्पेक्टर भी स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यदि हम लोग वहां से गाड़ी लेकर भागते नहीं तो वह लोग इस तरह से लठ बरसा रहे थे कि मानो जान ही ले डालेंगे।

चौरई पुलिस ने शिकायत के उपरांत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जिसमे ग्वालियर के ठेकेदार बंटी शर्मा सहित अन्य लोगों पर चौरई पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं के तहत किया मामला दर्ज।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा जिला ए ग्रेड के साथ प्रदेश में टॉप 3 पर

### नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा व पुलिस विभाग भी प्रदेश में ए ग्रेड के साथ क्रमश: व्दितीय व तृतीय स्थान पर

छिन्दवाड़ा। सुशासन की अवधारणा के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जाता है। प्रत्येक टीएल बैठक में समीक्षा के साथ ही विभागवार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। परिणामस्वरूप छिंदवाड़ा जिला सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लगभग प्रत्येक माह ए ग्रेड के साथ प्रदेश में टॉप पर रहा है। माह मई 2023 की 20 जून को जारी रैंकिंग में भी छिंदवाड़ा जिला 'ए' ग्रेड के साथ टॉप 3 में है। उल्लेखनीय है कि शिकायतों के निराकरण में जिले के सभी अधिकारियों के गंभीर प्रयासों के परिणामस्वरूप छिंदवाड़ा जिले ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण निराकरण में कुल 81.74 प्रतिशत अंक स्कोर करते हुए %ए% ग्रेड के साथ प्रदेश में तृतीय स्थान पर यह उपलब्धि हासिल की है । इसी प्रकार नगरनिगमवार ग्रेडिंग में नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा गुणवत्तापूर्ण निराकरण में कुल 91.36 प्रतिशत अंक स्कोर करते हुए %ए% ग्रेड के साथ प्रदेश में व्दितीय स्थान पर और पुलिस विभाग छिंदवाड़ा गुणवत्तापूर्ण निराकरण में 89.23 प्रतिशत अंक स्कोर करते हुये %ए% ग्रेड के साथ प्रदेश में तीसरे स्थान पर हैं। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा, नगरपालिक निगम आयुक्त श्री राहुल सिंह और सी.एम.हेल्पलाइन के प्रभारी अधिकारी व लोक सेवा प्रबंधन की टीम और सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों को बधाई दी है।

## कैंसर पीड़ित परिवार को दी 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

छिंदवाड़ा। मानव सेवा ही माधव सेवा है और इसी राह पर चलते हुए गौली समाज उत्थान समिति ने आज एक बीमारी से पीड़ित परिवार को उसके ईलाज के लिए आर्थिक सहायता कर उसकी मदद की। पीड़ित परिवार बीमारी के कारण बहुत परेशान था समाज के लोगो को जानकारी लगी तो सभी ने सेवा भाव के माध्यम से उक्त परिवार की मदद की जिससे वह अपना ईलाज अच्छे से करा सके मदद मिलने पर मरीज व उसके परिजन रो पड़े और कैसे शुक्रिया धन्यवाद करे ऐसा कहकर भावविभोर हो गए।

## राजस्व मंत्री ने पत्रकारों से बनाई दूरी, प्रेस वार्ता में नहीं हुए शामिल

**परासिया।** परासिया आए प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद राजपूत के पत्रकारों से दूरियां बनाने का मामला काफी चर्चा में है। दरसल भाजपा के नेता के द्वारा मंत्री की पत्रकार वार्ता को लेकर पत्रकारों को एक निजी होटल में दोपहर 2 बजे बुलाया गया था ।पत्रकार जब पहुंचे तो मंत्री की वजह भाजपा जिला अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता ली पत्रकारों ने जब जिला अध्यक्ष से सवाल किया कि उन्हें तो सूचना मंत्री की पत्रकार वार्ता की दि गई ।लेकिन होटल में मौजूद रहने के बावजूद मंत्री पत्रकार वार्ता में क्यों नहीं आ रहे जिस पर जिला अध्यक्ष का कहना था मंत्री की पत्रकार वार्ता का कोई कार्यक्रम ही तय नहीं किया गया खास बात यह भी रही कि जब तक पत्रकार वार्ता होती रही तब तक मंत्री कमरे में ही रहे लेकिन जैसे ही पत्रकार वार्ता खत्म हुई मंत्री तुरंत कमरे से निकलकर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से घिरे रहे उन्होंने इस दौरान भी किसी भी पत्रकार से बात करना उचित नहीं समझा जिलाध्यक्ष की पत्रकार वार्ता में पार्टी की गुटबाजी को लेकर पत्रकारों ने तीखे सवाल भी किए जिला अध्यक्ष बंटी साहू से एक पत्रकार ने यह कहा कि जब से वे भाजपा के जिला अध्यक्ष बने हैं तब से पूरे जिले में पार्टी में गुटबाजी बढी है ।और परासिया गुटबाजी का बड़ा केंद्र बन गया है पूर्व में बडकुही से परासिया तक भाजपा की जो स्वाभिमान यात्रा निकाली गई थी। उसमें गुटबाजी खुलकर सामने आई थी इन सवालों पर भाजपा जिला अध्यक्ष काफी असहज हुए उन्होंने कहा कि पार्टी मैं कोई गुटबाजी नहीं है अब सब साथ मिलकर चल रहे हैं पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा 9 वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

# जिले के अतिथि शिक्षकों के वेतन के पड़े लाले

## नही मिला चार माह से वेतन नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ दर दर भटकने को मजबूर अतिथि शिक्षक

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में इन दिनो शासकीय स्कूलो में कार्य करने वाले अतिथि शिक्षकों के द्वारा अपनी शैक्षणिक और अध्यापन कार्य की सेवाये देने के बाद भी वेतन नही मिलने से जिले के हजारो अतिथि शिक्षक आर्थिक तंगी और मानसिक रूप से बहुत परेशान है। जिले के अतिथि शिक्षको को वेतन के लाले पड़े हुए है। शिक्षा विभाग में कार्य करने वाले अतिथि शिक्षक इन दिनो आर्थिक तंगी से बहुत जूझ रहे है। जिसके कारण इनकी मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। इन्हे चार माह से वेतन नही मिलने से रोजमर्रा की विभिन्न प्रकार की समस्या और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और परिवार का भरण पोषण में भी परेशानी हो रही है। इस संबंध में आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव और जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि जिले में चार माह से अतिथि शिक्षको का वेतन नही हुआ है। शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी का भी इस और ध्यान नही है जिसकी वजह से जिले के अतिथि शिक्षक आर्थिक तंगी से जूझ रहे है।और इनकी मानसिक स्थिति भी दिन प्रति दिन बिगड़ती जा रही है। यदि खुदा न खास्ता किसी के साथ कोई घटना घटित होती है तो बेचारा अतिथि शिक्षक बगैर पैसे के कहा जाए। यदि अतिथि शिक्षको को समय पर वेतन नही दिया जाता और अतिथि शिक्षक के साथ कोई घटना होती है तो इसके लिये प्रदेश व जिले का शासन-प्रशासन जबाबदार होगा। बहुत ही अल्प मानदेय में शासकीय विद्यालयो में अध्यापन कार्य करते हुए बच्चो का भविष्य बनाने वाले इन अतिथि शिक्षकों की और शासन-प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। श्री कहार ने बताया कि मैंने मार्च-अप्रैल माह में लगभग कईयो बार जिला शिक्षाधिकारी महोदय छिंदवाड़ा को अतिथि शिक्षको के वेतन के संबंध पर मोबाईल फोन पर चर्चा किया।और जल्द से जल्द अतिथि शिक्षको का वेतन करवाने की बात कही तो जिले के अधिकारियो ने कहा कि चलो देखते हैं आप लोगो का वेतन करवाते है। किंतु इसके बाद भी आश्वाशन ही मिला और आज दिनाँक तक इनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई ।जिससे जिले के हजारो अतिथि शिक्षको का वेतन अधर में लटका हुआ हैश्री कहार ने यह भी बताया कि जब अतिथि शिक्षक विद्यालय के प्राचार्य,संकुल प्राचार्य से वेतन कराने की बात करते हैं तो वे विकासखंड शिक्षाधिकारी से बात करते है कहकर बात को टाल देते है।तो वही विकासखंड शिक्षाधिकारी द्वारा एलाटमेंट नही होने का हवाला देकर पलड़ा झाड़ लेते है। किंतु इतना समय बीत जाने के बाद भी आज दिनाँक तक अतिथि शिक्षको का वेतन नही हो पा रहा है। जबकि विद्यालय खुलने का नया सेशन प्रारंभ हो गया है और वेतन अभी भी नही हुआ है जिससे अतिथि शिक्षको के परिवारों का गुजर - बसर करना मुश्किल हो रहा है। इन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय छिंदवाड़ा से निवेदन किया है कि जिले में कार्यरत सभी अतिथि शिक्षको के वेतन का भुगतान अतिशीघ्र कराया जाये। जिससे उनकी आर्थिक तंगी और मानसिक स्थिति ठीक हो सके और उनके परिवार का भरण - पोषण चल सके।

## निः शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण कर मनाया प्रवेश उत्सव पर्व

### मुंह मीठा कर तिलक लगाकर बच्चो का किया स्वागत



**सिंगोड़ी** - अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र सिंगोड़ी में आज शासन के दिशा निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जी एस बघेल के मार्गदर्शन में आज शाला में प्रवेश उत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।बच्चो को शाला में प्रवेश को लेकर संस्था स्तर पर शिक्षको और विद्यालय के कर्मचारियो के द्वारा तैयारी की गई। संस्था प्राचार्य संजय सिन्हा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमे श्री सिन्हा ने बताया कि आज शाला में प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगोड़ी में मनाया गया ।जिसमे आज उपस्तिथ सभी पलकगण और छात्र छात्राओं को स्कूल में संचालित समस्त शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में आए छात्र छात्राओं को विद्यालय की और से मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में प्रवेशित बच्चो को तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।साथ ही निः शुल्क पाठ्य पुस्तक का भी वितरण किया गया। संस्था के शिक्षक एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार डेहरिया और रागिनी जैन ने शासन की विभिन्न योजनाएं जिसमे निः शुल्क गणवेश निःशुल्क साईकिल वितरण निःशुल्क पाठ्यपुस्तक मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना आदि विभिन्न उपयोगी जानकारी दी। सभी उपस्थित छात्र छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण शिक्षको के द्वारा किया गया। प्राचार्य संजय सिन्हा ने बताया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षको के द्वारा छात्र छात्राओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जा रही है



छिंदवाड़ा। योग दिवस पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले स्टेडियम ग्राउंड में योग करते हुए

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के वितरण के लिये एम.पी.टास पोर्टल को पुनःखोला गया है। इस पोर्टल के माध्यम से सत्र 2022-23 के ऐसे नवीन विद्यार्थी जो किसी कारणवश आनलाईन आवेदन नहीं कर पाये हैं, वे आगामी 30 जून तक छात्रवृत्ति आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं ।

# योग दिवस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया योग, ध्यान, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम



छिंदवाड़ा। श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत आशाराम गुरुकुल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास मनाया गया। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने योग, ध्यान,सूर्य नमस्कार और प्रणायाम किये । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि योग हमारी सनातन संस्कृति की प्राचीन परंपरा है । हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है । योग से मनुष्य स्वस्थ और प्रसन्न रहता है । गुरुकुल में योग का नियमित काल खंड होता है। इसी कारण हमारे विद्यार्थी हमेशा निरोगी ही रहते हैं। कोरोना काल मे जब पूरा विश्व थम गया था तब हमारे विद्यार्थी और साधकों ने घर से निकल कर लाखों जरूरतमंदों को राशन सामग्री भेंट कर उनकी सेवा की । पुज्य बापूजी के देश में सैकड़ों गुरुकुल , 550 आश्रम और करोड़ों करोड़ों शिष्य हैं। सभी नियमित रूप से योग करते हैं। इसी वजह से किसी को भी कोरोना नही हुआ । नियमित योग से मनुष्य निरोगी के साथ साथ मानसिक रूप से भी मजबूत होता है। हमारे गुरूकुल के विद्यार्थियों ने योग में राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिता जीतकर जिले को गौरान्वित किया है।योग एक विज्ञान है इसे मन , शरीर और आत्मा को जोड़ने का विधान है । इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े प्राचार्या वागीशा आहूजा , प्रबंधक डॉ. सुशील सिंह परिहार , शिल्पी गुप्ता , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार के आलावा सभी शिक्षण स्टॉफ़ ने भी योग किया ।


हर घर जल
जल जीवन मिशन
प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी
नेतृत्व में मध्यप्रदेश बना
जल संरक्षण, संवर्धन
एवं प्रबंधन में
नम्बर वन
जीता 'सर्वश्रेष्ठ राज्य' का
'राष्ट्रीय जल पुरस्कार'
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
जल अभिषेक अभियान में समाजसेवी संगठन, आमजन, जन अभियान परिषद तथा समाज का सक्रिय सहयोग
सिंचाई क्षमता 7.50 लाख से बढ़कर हुई 45 लाख हेक्टेयर
वर्ष 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर सिंचाई का लक्ष्य
'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के विचार पर सिंचाई परियोजनाओं और नहरों का जाल
प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली आधारित 125 सिंचाई योजनाएँ निर्माणाधीन
नहरों के पक्कीकरण से 30 प्रतिशत तक जल की बचत, सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि
बांध से खेत तक भूमिगत पाइप लाइन के उपयोग से सिंचित रकबे में वृद्धि
4500 अमृत सरोवरों का निर्माण, 1500 निर्माणाधीन
'कैच द रेन' कार्यक्रम में 6 लाख से अधिक कार्य
वाटरशेड मिशन के तहत 2500 जल संरचनाओं का निर्माण
नगरीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट जल प्रबंधन
जल जीवन मिशन
60 लाख ग्रामीण परिवारों को मिला नल कनेक्शन
बुरहानपुर और निवाड़ी जिले शत प्रतिशत हर घर नल से जल प्रमाणित
वर्ष 2025 तक 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल का लक्ष्य
सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय जल पुरस्कार मध्यप्रदेश को मिला है, आप सबको बहुत-बहुत बधाइयां और यह बिना आपके सहयोग के संभव नहीं था। आइए, हम संकल्प लें कि पानी के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में आगे भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। याद रखिए, जल है तो कल है।
- शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश शासन
D-11049/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी